उज्जैन
रविवार
10
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-186
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




बॉलीवुड में अब भी पुरुषों का दबदबा- कृति सेनन महिला कलाकार बराबर मेहनत करती हैं, फिर भी फीस में बड़ा अंतर

पेज- 8

## कैबिनेट विस्तारः योगी सरकार में आज 6 नए मंत्री शामिल होंगे

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट का आज रविवार को दूसरी बार विस्तार होगा। दोपहर साढ़े 3 बजे 6 नए मंत्री शपथ लेंगे। सपा से



बगावत करने वाले विधायक मनोज पांडेय को मंत्री बनाया जाएगा। उनके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सुरेंद्र दिलेर, कृष्णा पासवान, हंसराज विश्वकर्मा और कैलाश राजपूत का नाम भी फाइनल हो गया है। नए बनने वाले मंत्रियों में 1 ब्राह्मण, 3 ओबीसी और 2 दलित वर्ग से हैं। शनिवार शाम करीब साढ़े 6 बजे सीएम योगी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलने पहुंचे। करीब 45 मिनट तक बात कर योगी ने राज्यपाल को नए बनने वाले मंत्रियों की लिस्ट सौंपी।

## अग्नि की एडवांस मिसाइल का हुआ सफल परीक्षण

**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परीक्षण सेंटर से अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने यह जानकारी दी। इस मिसाइल में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल सिस्टम लगाया गया है, जिससे एक साथ कई परमाणु हथियारों को ले जाया जा सकता है। साथ ही एक बार में कई टारगेट को निशाना बनाया जा सकता है। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अलग-अलग जगहों पर मौजूद कई टारगेट्स को सफलतापूर्वक हिट किया। ये सभी टारगेट हिंद महासागर क्षेत्र में फैले हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह भारत की दूसरी इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी रेंज लगभग 5 हजार से 7 हजार किलोमीटर तक है।

## देश के युवा भाजपा के झूठ से तंग आ चुके हैं : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस एमपी राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को नजरअंदाज करने



का आरोप लगाया। उन्होंने बिहार में प्रदर्शन कर रहे टीचर उम्मीदवारों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना की। कांग्रेस नेता ने पर एक पोस्ट में लिखा- कल पटना में टीचर उम्मीदवार जो अपने रोजगार के अधिकार के लिए शांति से विरोध कर रहे थे, उन्हें बिहार पुलिस ने फिर से बेरहमी से पीटा। उन्होंने लिखा- लाखों युवा, डिग्री और हुनर लेकर दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन भाजपा सरकार को न तो उनकी परवाह है और न ही आपकी। भारत के युवा भाजपा के झूठ से तंग आ चुके हैं।

## अहमदाबाद के परिवार का लंदन भेजने के नाम पर अपहरण

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में रहने वाले एक परिवार अवैध तरीके से लंदन जाने नाम पर एजेंटों के जाल में फंस गया। पति, पत्नी और उनके दो बेटे 20 अप्रैल को घर से निकले थे, लेकिन दुबई पहुंचने के बाद उनका परिवार से संपर्क टूट गया। परिजन का आरोप है कि एजेंट ने चारों को बंधक बना लिया है और उन्हें छोड़ने के बदले 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी जा रही है। आरोपियों ने परिवार को डराने के लिए एक बेटे की खून से लथपथ तस्वीर भी भेजी है। साथ ही महिला का एक ऑडियो क्लिप भी भेजा, जिसमें वह रोते हुए पैसे देने की गुहार लगा रही है। आशंका जताई जा रही है कि परिवार को केन्या या इथियोपिया के किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखा गया है।

### बारदान खत्म होने की वजह से सोसायटी बंद पड़ी

# मुख्यमंत्री जी यहां उतारो हेलिकॉप्टर : महेश परमार

### चार दिनों से किसान ट्रेक्टर लेकर लाइन में खड़े

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

विधायक महेश परमार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जीकहते हैं कि किसी भी सोसायटी में लाइन नहीं लग रही। कहते हैं कि हेलीकॉप्टर कहीं भी उतार दूंगा और सब व्यवस्था ठीक मिलेगी। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गुराडिया गुर्जर, माकड़ोन, टुकराल, निपानिया गोयल आदि सोसायटी में 4 दिनों से किसान अपने ट्रैक्टर लेकर लाइन में खड़े हैं। न बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था, न पीने के पानी का इंतजाम।





आज तो हाल ये है कि बारदान खत्म होने की वजह से सोसायटी बंद पड़ी है। ऊपर से कोई जवाब देने वाला नहीं कि नया बारदान कब आएगा। क्या यही किसानों के सम्मान और सुविधा के बड़े-बड़े दावे हैं? किसान परेशान है, लेकिन सरकार सिर्फ बयान देने में व्यस्त है।

## एक्टर अर्जुन रामपाल ने किए महाकाल के दर्शन

### फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में रहे अभिनेता गायिका इशिता विश्वकर्मा भी रहीं मौजूद



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

फिल्म अभिनेता अर्जुन रामपाल ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन किए। वे सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और लगभग दो घंटे नंदी हॉल में बैठकर भस्मारती में शामिल हुए। इस दौरान वे शिव साधना में लीन दिखाई दिए। चांदी द्वार पर किया दर्शन और पूजन आरती के बाद अभिनेता ने चांदी द्वार पर माथा टेककर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पंडितों द्वारा विधि-विधान से देहरी पूजन कराया गया।

मंदिर प्रशासन ने किया स्वागत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने अर्जुन रामपाल का महाकाल लिखे दुपट्टे से स्वागत किया। अर्जुन रामपाल ने मंदिर व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां बहुत बेहतरीन व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने सिंहस्थ की तैयारियों का भी जिक्र किया। अर्जुन रामपाल ने फिल्म धुरंधरः द रिवेंज में पाकिस्तानी मेजर इकबाल का किरदार निभाया था। वह इससे पहले भी 15 मार्च 2025 को एक कार्यक्रम के सिलसिले में उज्जैन आ चुके हैं। तब उनका पूजन पुजारी यश पुजारी द्वारा कराया गया था। इस बार भी वे सफेद कुर्ते में नजर आए।

**इशिता विश्वकर्मा ने भी किए दर्शन-** इसी दौरान गायिका इशिता विश्वकर्मा ने भी भस्म आरती में दर्शन किए। मंदिर प्रशासन ने उनका भी स्वागत किया। इशिता विश्वकर्मा ने अपने 24वें जन्मदिन पर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। इशिता ने कहा कि वे मध्यप्रदेश की बेटी हैं और जबलपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी भगवान महाकाल में गहरी आस्था है। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में भजन भी प्रस्तुत किया- मन मेरा मंदिर, शिव मेरी पूजा, शिव से बड़ा नहीं कोई दूजा।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

इंटेलिजेंस एजेंसियों ने दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के आधार पर यह जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक, भाजपा मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एजेंसियों को शक है कि दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कार्यालयों को आत्मघाती हमलों, कार ब्लास्ट, गोलीबारी या आईईडी के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। किसी भी खतरे को टालने के लिए सुरक्षा बलों ने निगरानी और एहतियाती कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त जवानों की तैनाती, चेकिंग और सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बैरिकेडिंग और वाहनों की रैंडम चेकिंग के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए आपसी तालमेल से काम कर रही हैं।

## पंजाब के आप मंत्री संजीव अरोड़ा मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ›› चंडीगढ़**

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह हुई रेड के वक्त वह चंडीगढ़ के सेक्टर 2 स्थित अपनी सरकारी कोठी पर ही थे।

इसके बाद करीब 10 घंटे की पूछताछ की गई। जिसके बाद शाम करीब 5 बजे ईडी की टीम चंडीगढ़ और हरियाणा नंबर की गाड़ियों में उन्हें दिल्ली ले गई। आगे की पूछताछ उनसे दिल्ली में ही होगी। उनकी रात ईडी के लॉकअप में बीतेगी।



ईडी ने शनिवार सुबह ही मंत्री अरोड़ा पर रेड चंडीगढ़ में उनके सरकारी घर, दिल्ली और गुरुग्राम के 5 ठिकानों में हुई है। ईडी ने खुलासा किया कि अरोड़ा ने अपनी फर्मों के जरिए मोबाइल खरीद की करीब 157.12 करोड़ रुपए की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के माध्यम से फर्जी एक्सपोर्ट किए।

### महाकाल मंदिर में भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए

# टेंपल मैनेजमेंट कोर्स शुरू होगा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर और प्रदेश के अन्य बड़े धार्मिक स्थलों पर लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार अब प्रोफेशनल टेंपल मैनेजमेंट की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। प्रदेश में पहली बार एमबीए पाठ्यक्रम के तहत टेंपल मैनेजमेंट कोर्स शुरू किया जाएगा। इसकी शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय से होगी। सरकार का मानना है कि धार्मिक पर्यटन के लगातार बढ़ते दायरे के बीच अब मंदिरों और बड़े धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं के लिए प्रशिक्षित मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की जरूरत महसूस की जा रही है।



उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय से होगी कोर्स की शुरूआत

पहले जहां सावन, शिवरात्रि और विशेष पर्वों पर ही भारी भीड़ दिखाई देती थी, वहीं अब सप्ताहांत और अवकाश के दिनों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंच रहे हैं। उज्जैन में सामान्य दिनों में भी एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर, ओरछा सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी लगातार भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, सफाई और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित बनाए रखना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्रस्तावित टेंपल मैनेजमेंट कोर्स में आधुनिक मैनेजमेंट सिस्टम पर विशेष फोकस रहेगा। छात्रों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग सिस्टम, सफाई व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही और आपदा प्रबंधन जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिरों में चढ़ाने वाले फूल-माला, नारियल और अन्य पूजन सामग्री के उपयोग तथा डिस्पोजल की वैज्ञानिक व्यवस्था का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। धार्मिक स्थलों की आंतरिक व्यवस्थाओं को अधिक तकनीकी और व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान रहेगा। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने स्पष्ट किया कि यह कोर्स केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट के सिद्धांत हर जगह समान रूप से लागू होते हैं। इस कोर्स से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र चर्च, मस्जिद और अन्य धार्मिक या भीड़भाड़ वाले स्थलों पर भी व्यवस्थाएं संभाल सकेंगे।




## खबर एक नजर...

### पति मिलकर लौटा और पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** शादी के चार दिन बाद मायके आई नवविवाहिता से शुक्रवार को पति मिलने आया। रात में नवविवाहिता की हालत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहीं। उपचार के कुछ घंटे बाद नवविवाहिता की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के आयुर्वेदिक अस्पताल के पास रहने वाली प्रीति पिता भंवरलाल को शनिवार रात 12 बजे के लगभग परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। प्रीति ने जहरीला पदार्थ खाया था। जिसकी 3 घंटे बाद मौत हो गई। शनिवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान मृतक प्रीति के मामा ने बताया कि 28 अप्रैल को कायथा में रहने वाले प्रीतम बोड़ाना से शादी हुई थी। शादी के चार दिन बाद पहली बार प्रीति को मायके लाया गया था। उसके बाद से वह मायके में थी। शुक्रवार को पति मिलने आया था, जो देर शाम वापस लौट गया था। उसके बाद रात में प्रीति का उल्टियां करते देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार फिलहाल प्रीति के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किये जायेगें। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### तिलकेश्वर मंदिर के पास मिला लापता हुआ बालक

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम करने वाली महिला का 13 वर्षीय पुत्र शुक्रवार को गदापुलिया क्षेत्र स्थित घर से महाकाल मंदिर मां से मिलने पहुंचा था। ड्युटी कर रही मां ने उसे डांट दिया और घर जाने के लिये कहा। नाबालिग गुस्सा होकर मंदिर से चला गया। शाम को महिला घर पहुंची तो बेटा लापता होना सामने आया। उसकी तलाश शुरू की गई। रातभर घर नहीं लौटे पुत्र के लापता होने की सूचना शनिवार सुबह महाकाल थाना पुलिस को दी गई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज किया और तलाश शुरू की गई। एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान ने बताया कि नाबालिग की तलाश के लिये सोशल मीडिया का सहारा लिया और जिले के सभी थानों को सूचना भेजी गई। शाम 4 बजे के लगभग जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में एफआरवी 7 सर्कल भ्रमण कर रही थी। उसी दौरान खाकचौक स्थित तिलकेश्वर मंदिर के पास एक बालक बदहवास हालत में दिखाई दिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम युवराजसिंह बताया। एफआरवी ने महाकाल पुलिस से संपर्क किया और उसे थाने पहुंचाया। जहां एएसआई चंद्रभानसिंह ने बालक से विनम्रता पूर्वक बातचीत कर परिजनों को बालक के सकुशल मिलने की सूचना दी। फिलहाल बालक को परिजनों सुपुर्द किया गया है। जिसे सोमवार को न्यायालय में बयान दर्ज कराये जायेगें।

### 63 लाख के 7 नए कचरा कलेक्शन वाहन रवाना



**उज्जैन।** नगर निगम के संसाधनों में लगभग 63 लाख रुपए की लागत से 7 नए डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन शामिल किए गए हैं। इन वाहनों का शुभारंभ शुक्रवार को ग्रांड होटल से निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने वर्कशॉप विभाग की प्रभारी दुर्गा चौधरी और अपर आयुक्त संतोष टैगोर की उपस्थिति में पूजन कर, फीता खोलकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। नगर निगम के अनुसार, ये सातों वाहन निगम मद से खरीदे गए हैं। इन डोर-टू-डोर वाहनों के माध्यम से उन वार्डों में अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां जरूरत अधिक है। उन क्षेत्रों में भी व्यवस्था की जाएगी, जहां कचरा वाहन नहीं पहुंच पाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय और कृष्णा भूरिया भी उपस्थित रहे।

# राजनैतिक प्रश्रय में जनसंपर्क विभाग ने दैनिक अवंतिका के विरूद्ध अपने षडयंत्र को विस्तार दिया

## कर्मी कपिल मिश्रा ने प्रसार के नाम पर अवंतिका के पत्रकारों से अभद्रता, छल किया भारतीय पत्रकार संघ ने घटना की निंदा करते हुए कर्मी मिश्रा के निलंबन की मांग रखी,ज्ञापन सौंपेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दैनिक अवंतिका के विरूद्ध जनसंपर्क विभाग ने अपने षडयंत्र को विस्तार दिया है। अब आयुक्त मनीषसिंह के कहने पर सहायक जनसंपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा ने शनिवार को अवंतिका इंगोरिया के वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल राणावत से अभद्रता की है। उन्हेंल में पहुंचकर इन्होंने वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सोलंकी एवं ज्ञानचंद जैन से प्रसार संख्या से विरूद्ध कम संख्या को लेकर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाए हैं। इस दौरान श्री मिश्रा के साथ दो अन्य लोग भी थे।

इंगोरिया के वरिष्ठ पत्रकार श्री राणावत ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार दोपहर को उनसे मिलने जनसंपर्क लिखे वाहन से उनके कार्यालय पहुंचे थे। प्रारंभिक चचाओं के उपरांत उन्हें कहा गया कि यहां की जनसंख्या कितनी है। उसके बाद कम प्रसार संख्या को लेकर एक कागज पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाने लगे । इस दौरान श्री मिश्रा ने आयुक्त जनसंपर्क मनीषसिंह एवं मुख्यमंत्री का नाम का उपयोग करते हुए कहा कि उन्होंने इसके लिए भेजा है अगर हस्ताक्षर नहीं किए तो अच्छा नहीं

### मिश्रा पूर्व से विवादित कर्मी

उज्जैन जनसंपर्क विभाग में पदस्थ कपिल मिश्रा पूर्व से विवादित कर्मी है। कार्यालय में ही इससे पूर्व पत्रकारों से दादागिरी एवं गुंडागर्दी के इसको लेकर जनसंपर्क विभाग के जिला अधिकारियों तक शिकायतें हुई है। यहां तक की कार्यालय के कर्मचारियों से भी यह अभद्रता की शिकायतों का आरोपित है जिन मामलों की विभागीय जांच ही नहीं की गई है। शासन नियमों के विपरित देवास से प्रतिदिन अपडाउन इनके द्वारा किया जा रहा है।

### उन्हेल में कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाए

दैनिक अवंतिका के उन्हेंल में वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सोलंकी एवं ज्ञानचंद जैन के पास भी कपिल मिश्रा शनिवार को दोपहर में पहुंचा था। यहां दोनों ही पत्रकारों से मिश्रा अलग-अलग मिला। मिश्रा ने यहां अपनी मनमर्जी की प्रसार संख्या को लेकर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाए हैं। वरिष्ठ पत्रकार श्री सोलंकी के अनुसार श्री मिश्रा ने जनसंपर्क आयुक्त मनीषसिंह के आदेशानुसार सर्वे के नाम पर मुझसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर मुझसे धोखाधडी की है। इस दौरान अधिमान्यता देने को लेकर आश्वस्त किया। श्री ज्ञानचंद जैन ने बताया कि उन्हें भी जनसंपर्क आयुक्त के नाम से बरगलाते हुए और छद्म करते हुए कोरे कागज पर हस्ताक्षर लिए गए हैं।

### भारतीय पत्रकार संघ आक्रोशित-

पत्रकारों के साथ अभद्रता एवं धोखाधडी जैसे मामलों की जानकारी होने पर भारतीय पत्रकार संघ ने कडी निंदा की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशोर दग्दी को इंगोरिया के वरिष्ठ पत्रकार के साथ अभद्रता की जानकारी लगने पर उन्होंने कहा कि जिस जनसंपर्क विभाग को पत्रकारों को प्रश्रय देना चाहिए वह खुद ही उनसे अभद्रता पर उतारू है और धोखाधडी भी कर रहा है। इस मामले में संघ कार्रवाई करते हुए एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपेगा और बदमिजाज कर्मचारी कपिल मिश्रा को निलंबित करने की मांग के साथ उसे बालाघाट तबादले की मांग रखी जाएगी।

### लोक अदालत के दौरान पहुंचे नागरिक कर जमा करने

# नागरिकों ने खाए टेबलों के टल्ले

## पोर्टल की कमजोरी, खड़े रहकर जमा राशि की पोस्टिंग करवाने की मजबूरी रही

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शनिवार को लोक अदालत के दौरान नगर निगम के जोन कार्यालयों पर कर जमा करने की व्यवस्था शहर में की गई थी। इस दौरान देखने में आया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पोर्टल एवं नगर निगम के कर्मचारियों के कारणा नागरिकों को एक से दुसरी टेबल पर टल्ले खाने को मजबूर होना पडा है। यहां तक की पिछले वर्ष की जमा राशि की पोस्टिंग भी नागरिकों को करवाना पडी है।

नगर निगम उज्जैन के अंतर्गत 6 जोन पर शनिवार को संपत्तिकर एवं पानी का बकाया एवं अग्रिम पैसा जमा करवाने के लिए लोक अदालत के तहत आयोजन किया गया था। इसे लेकर लोक अदालत की छूट का लाभ उठाने पहुंचे नागरिकों को उस समय हैरानी हुई जब उन्हें उनका पिछला बकाया बताया जा रहा था। हाथ में पिछले वर्ष की रसीद होने के उपरांत भी कम्प्यूटर पर पोर्टल बकाया बता रहा था। कर्मचारियों का कहना था कि इसकी पोस्टिंग नहीं हुई है। खास यह रहा कि नागरिकों ने टेबल दर टेबल पहुंचकर कर्मचारियों के सहयोग से अपनी राशि की पोस्टिंग भी करवाई और नया कर भी जमा किया है।

लगभग सभी 6 जोन में अग्रिम कर जमा करने वालों को पोस्टिंग की परेशानी से दो-चार होना पडा है। इसमें चेक से भूगतान करने वाल उपभोक्ताओं के मामले ज्यादा सामने आए हैं। चेक से भूगतान की प्रक्रिया में संबंधित उपभोक्ता को एक सामान्य रसीद दी जाती है। चेक क्लीयरिंग होने के बाद उसकी पक्की रसीद उपभोक्ता को जोन कार्यालय लेने जाना पडता है, वो भी करीब एक माह बाद। निगम का लेखा विभाग चेक क्लीयरिंग की जानकारी जोन में भेजता है उसके बाद ही पक्की रसीद मिल पाती है। ऐसे में पिछले वर्ष जिन उपभोक्ताओं ने चेक से भूगतान किया था उनकी पोस्टिंग कंप्यूटर नहीं बता रहा था और संबंधित उपभोक्ता पर पुराना बकाया निकाल रहा था। इस पर उपभोक्ताओं की आपत्ति थी। उपभोक्ता रसीद लेकर पहुंचे और उन्होंने जमा बताया तो काउंटर से उसे पोस्टिंग क्लर्क के पास भेजा गया। अनेक कार्य व्यवस्था के चलते इंतजार के बाद उपभोक्ता की पोस्टिंग हो सकी।

# प्रदेश के पांच गर्म शहरों में उज्जैन नंबर-2 पर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मई में गर्मी चरम पर पहुंचने लगी है। मौसम विभाग को मिले शनिवार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के पांच सबसे ज्यादा गर्म शहरों में उज्जैन दूसरे नंबर पर है। वजह- राजस्थान से आ रही गर्म हवा बताई जा रही है। 11 दिन में तीसरी बार पारा 42 डिग्री के पार पहुंचा है।

दिन की शुरूआत से शाम तक गर्म हवा की लपटें महसूस हो रही है। हालांकि सुबह-शाम आसमान पर बादल भी छा रहे हैं, जिससे शाम ढलने के बाद बदलाव भी दिखाई दे रहा है। जीवाजी वेधशाला के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 42.5 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। हवा की गति सुबह 4 और शाम को 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। रविवार से तापमान में और बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है।



प्रदेश के सबसे ज्यादा गर्म शहरों में पहले क्रम पर रतलाम रहा, जहां 43.5 डिग्री, उज्जैन में 42.5, बड़वानी, भोपाल में 42.0, धार में 41.7 और विदिशा में 41.6 डिग्री दर्ज किया। मई माह में यह दूसरा अवसर है, जब शहर प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहा।

### 24 मीटर चौड़ाई यानी करीब 80 फीट के हिसाब से चौड़ीकरण होना चाहिए : विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा

# यूडीए ईई ने कहा - 30 मीटर के हिसाब से लगा रहे पोल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पिपलीनाका से गढ़ कालिका मंदिर होते हुए ओखलेश्वर श्मशान तक और पिपलीनाका से भैरवगढ़ जेल चौराहा तक के दोनों मार्ग की चौड़ाई को लेकर फिर विरोधाभास सामने आया है।

यूडीए दोनों मार्ग पर 30 मीटर यानी करीब 100 फीट के हिसाब से समतलीकरण व पोल लगाने का काम करवा रही है। कार्यपालन यंत्री कुलदीप रघुवंशी बताते हैं कि हमारे पास चौड़ाई कम करने का निर्देश नहीं है। जबकि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा दावा करते हैं कि 24 मीटर चौड़ाई यानी करीब 80 फीट के हिसाब से चौड़ीकरण होना चाहिए। एजेंसी से गलती हो रही है, उसे दिखवाते है।

सिंहस्थ में भीड़ प्रबंधन के लिए शासन ने पिपलीनाका-भैरवगढ़ क्षेत्र के दो मार्ग सिक्स लेन करने की प्लानिंग की थी। फरवरी-मार्च में यूडीए ने दोनों मार्गों को 30 मीटर यानी 100 फीट चौड़ाई के लिए मार्किंग करवाई थी। रहवासियों ने विरोध जताया था, क्योंकि वे 80 फीट चौड़ीकरण की मांग पर अड़े थे। तब क्षेत्रीय विधायक कालूहेड़ा भी इस मांग को जायज ठहराते हुए रहवासियों के समर्थन में आगे आए थे। जनता द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव करने के बाद मामले ने तूल पकड़ा और भोपाल तक इसकी सूचना गई।

विरोध के बीच शुरू हुआ था काम, रहवासी क्षेत्र में गतिविधि नहीं चौड़ीकरण के लिए जिम्मेदारों ने भैरवगढ़ पुल से और गढ़कालिका मंदिर के पीछे से कालभैरव मंदिर पहुंच मार्ग पर समतलीकरण का काम शुरू करवाया था। यह कार्य 30 मीटर चौड़ाई के हिसाब से ही किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी की रहवासी क्षेत्र में फिलहाल कोई गतिविधि नहीं है। इससे उम्मीद हैं कि चौड़ाई रिवाइज होकर आएगी, लेकिन निर्माण एजेंसी फिलहाल ऐसा कुछ भी होने से इनकार कर रही हैं। बहरहाल मार्ग की चौड़ाई को लेकर संशय बरकरार है।



### दोनों मार्ग 24 मीटर होना है

पिपलीनाका वाले दोनों मार्ग 24 मीटर के हिसाब से चौड़े होना है। यदि 30 मीटर के हिसाब से पोल लगाए जा रहे हैं तो एजेंसी से गलती हो रही हैं, उसे दिखवाएंगे।

**अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक, उत्तर**


### चौड़ाई रिवाइज के निर्देश नहीं

हमें तो 30 मीटर के हिसाब से ही कार्य करने के निर्देश हैं। उसी आधार पर तेजी से काम कर रहे हैं। चौड़ाई रिवाइज व कम करने का हमें कोई नया आदेश नहीं है।

**कुलदीप रघुवंशी, कार्यपालन यंत्री यूडीए**

उज्जैन
शनिवार
10
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### ब्रिज की रेलिंग से टकराई टू व्हीलर, युवती उछलकर ब्रिज से नीचे जा गिरी, मौके पर मौत

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। लवकुश चौराहे के ब्रिज से गुजरते समय दोपहिया वाहन सवार युवक-युवती रेलिंग से टकरा गए। तेज रफ्तार होने के कारण युवती ब्रिज से नीचे गिर गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शनिवार को इलाज के दौरान युवक ने भी दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस जांच कर रही है। बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात लवकुश चौराहे स्थित ब्रिज पर हुई। पायल चावड़ा और अकरम नामक युवक दोपहिया वाहन से विजय नगर से सुपर कॉरिडोर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ब्रिज पर चढ़ते समय उनकी गाड़ी रेलिंग से टकरा गई। टक्कर के बाद युवती उछलकर ब्रिज से कुछ फीट नीचे जा गिरी, जबकि युवक सड़क पर गिर गया। घटना के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया था। वहीं, शनिवार को इलाज के दौरान युवक ने भी दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों एक कंपनी में काम करते थे। युवती मूल रूप से कालापीपल की रहने वाली थी, जबकि युवक मंदसौर का रहने वाला था। युवती का पीएम हो चुका है, जबकि युवक का पीएम होना बाकी है।

### इंदौर पुलिस काउंसलिंग के जरिये भटके युवाओं को कर रही जागरूक

**इंदौर।** इंदौर पुलिस की पहल नई उम्मीद कई परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है। पुलिस की इस मुहिम से जुड़कर 25 युवाओं ने न सिर्फ नशे से दूर रहने का संकल्प लिया, बल्कि अपराधों से बचकर एक बेहतर और जिम्मेदार नागरिक के रूप में कदम बढ़ा दिए हैं। किसी ने अपनी अधूरी पढ़ाई फिर से शुरू करने की इच्छा जताई तो किसी ने मां-बाप का भरोसा दोबारा जीतने का वादा किया। सत्र के दौरान कई भावुक पल भी सामने आए, जब युवाओं ने स्वीकार किया कि नशे ने उन्हें परिवार और समाज से दूर कर दिया था। नगरीय पुलिस इंदौर के जोन-3 द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से औपचारिक नहीं, बल्कि अपनेपन के साथ संवाद किया। एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा की टीम की काउंसलिंग समिति के सदस्यों ने युवाओं को समझाया कि नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि भविष्य और परिवार दोनों को नुकसान पहुंचाता है।

### 19 व्यापारियों के साथ 6 करोड़ से ज्यादा की धोखाधोड़ी

**इंदौर।** इंदौर के 19 व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में क्राइम ब्रांच ने कायमी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं एक की तलाश की जा रही है। मामला शक्कर व्यापार से जुड़ा है। जहां आरोपी पक्ष द्वारा शक्कर लेने के बाद भी उसका पैसा नहीं दिया जा रहा था। 19 व्यापारियों के साथ 6 करोड़ 54 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 19 व्यापारियों की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज किया है। इसमें तरुण जैसवानी को पकड़ा है, वहीं उसके एक साथ की तलाश की जा रही है। इस मामले में 19 फरियादी है, जो पिछले डेढ़ साल से परेशान थे। आरोपी और फरियादियों के बीच शक्कर के लेन-देन का कामकाज था। बाद में इस व्यापार में आरोपियों ने लगातार शक्कर ली और उसका पेमेंट नहीं किया। आरोपी बार-बार उन्हें पेमेंट का भरोसा दिलाते रहे। इसमें उन्होंने एग्रीमेंट भी किया। मगर फरियादियों को पैसा नहीं लौटाया गया।

### इंदौर के पुलिस कर्मी ने रोजनामचे में दिल्ली जाना लिखा, टॉवर लोकेशन धार की निकली

# एसीपी की रिपोर्ट में तस्कर से आंशिक लाभ की पुष्टि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में ड्रग तस्कर को 5 स्टार होटल में बंधक बनाने के मामले में एसीपी की जांच रिपोर्ट के बाद अब पूरे प्रकरण की स्क्रूटनी की जा रही है। जांच में सामने आया है कि एक पुलिस कर्मी रोजनामचे में दिल्ली जाने की एंट्री की, जबकि टॉवर लोकेशन धार के गुणावद क्षेत्र की मिली है।

अपने बयानों में एएसआई भूपेंद्र सिंह गुर्जर, मुकेश सिंह जादौन समेत दोनों आरक्षकों कपिल और लोकेंद्र ने एक साथ आरोपी को पकड़ने धार के बड़ौद जाने की बात कही थी। जबकि रोजनामचे में आरक्षक कपिल ने दिल्ली जाने की बात लिखी, लेकिन उसकी टॉवर लोकेशन धार के गुणावद की निकली। यही नहीं रोजनामचे में भी इन्होंने अलग-अलग डेट दर्ज की है।




एसीपी आदित्य पटले ने जांच निष्कर्ष में स्पष्ट लिखा है कि तस्कर को विजय नगर थाने से लाना-ले जाना और बिना किसी वैधानिक कार्रवाई के छोड़ना प्रमाणित पाया गया है।

तस्कर को छोड़ने के बदले आंशिक रूप से लाभ प्राप्त किया गया। रिपोर्ट में दोषियों के नाम भी स्पष्ट तौर पर दर्ज किए गए हैं। टीआई के संबंध में भी उल्लेख किया है कि उनका अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं होना पाया गया है।

इधर, पुलिस सूत्रों का कहना है कि एसीपी की सौंपी गई जांच रिपोर्ट की तकनीकी तौर पर न तो दोबारा जांच की जा सकती है और न ही उसमें कोई बदलाव किया जा सकता है। केवल रिपोर्ट की स्क्रूटनी ही संभव है।

ऐसे में जांच रिपोर्ट में सामने आए बिंदुओं को लेकर अब अधिकारियों के स्तर पर भूमिका स्पष्ट की जा रही है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि जांच रिपोर्ट अब तक टेबल-टू-टेबल ही क्यों घूम रही है और दोषी पाए गए लोगों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

### चारों ने एक ही मुलजिम को पकड़ने की बात बताई

एसीपी की रिपोर्ट के अनुसार सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह गुर्जर और मुकेश सिंह जादौन 17 नवंबर 2024 से 24 नवंबर 2024 तक इंदौर से बाहर होना पाए गए। वहीं, कपिल सोनानिया 14 नवंबर 2024 से 22 नवंबर 2024 तक इंदौर से बाहर होना पाए गए। जबकि इन्होंने एक ही मुलजिम को पकड़ने के लिए जाने की बात अपने बयान में कही है। वहीं, जाने की तारीख रोजनामचे में अलग-अलग दर्ज पाई गई है। एक तरफ दिल्ली जाना बताया गया है, जबकि दूसरी तरफ सीडीआर में मोबाइल की टावर लोकेशन गुणावद, जिला धार की मिली है। गुणावद, जिला धार में तस्कर शाहरुख को पकड़ने जाने की बात सामने आई है। कपिल की टावर लोकेशन भी गुणावद की मिली है, जिसके आधार पर आरोपी वसीम को पकड़ा गया। वसीम ने अपने बयान में भी यही बात कही है।

### एसीपी की जांच में निकला यह निष्कर्ष

सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य पटले की जांच का निष्कर्ष यह निकला है कि सउनि अर्जुन सिंह परिहार, प्रआर प्रमोद, आरक्षक लोकेंद्र खिची, आरक्षक पंकज पाटिल द्वारा बड़ौद से वसीम पिता राजू खान को इंदौर लेकर आए और थाने पर न लाकर किसी होटल में रखा। इतना ही नहीं वसीम के कथन और परिजनों के कथन से वसीम को विजय नगर थाने से लाना-ले जाना बिना किसी वैधानिक कार्यवाही के छोड़ना प्रमाणित पाया गया। वसीम को छोड़ने के बदले लाभ प्राप्त करना, अंशिक रुप से प्रमाणित पाया जाता है। टीआई ने अपने बयान में कहा कि 21 नवंबर 2024 को पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 805/24, धारा 8/22 एनडीपीएस, सउनि अनिल पाठक द्वारा दर्ज कर उसकी अग्रिम विवेचना सउनि अर्जुन सिंह परिहार को सौंपी गई थी। अपराध क्रमांक 805/24, धारा 8/22 एनडीपीएस के आरोपी अजहर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। आरोपी के लिए न्यायालय से पीआर प्राप्त किया गया था। मैंने भी आरोपी अजहर से पूछताछ की थी, जिसमें उसने जब्तशुदा माल शाहरुख से लेना बताया था।

# लारेंस गैंग धमकी मामले में एक और गिरफ्तार

### क्राइम ब्रांच ने राजपाल के एक और साथी को पकड़ा, बिल्डिरों की रैकी की थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में लारेंस गैंग द्वारा बिल्डिरों को धमकियां देने के मामले में क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बिल्डिरों के घर, ऑफिस, प्रॉपर्टी के साथ ही उनके आने-जाने की लोकेशन की रैकी की थी और ये जानकारी आगे उपलब्ध कराई थी। बता दे कि इन बिल्डरों को वाट्सएप और कॉल करके धमकी दी गई थी और उनसे रुपयों की मांग की गई थी। पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया था।

डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम ने इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपी राजपाल



निवासी नागदा को इंदौर के बिजनेसमैन विवेक दम्मानी, चेतन सिंह पवांर और कुवंर सिंह भूरिया के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने वाले आरोपी सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा निवासी उज्जैन को गिरफ्तार किया गया है।

टीम को जानकारी मिली थी कि आरोपी राजपाल कसरावद जेल में बंद है और उसके हैरी बॉक्सर से संबंध है। इसके बाद राजपाल से पूछताछ की तो उसने सोनू उर्फ रितेश के बारे में बताया था। जिसने रैकी की कोशिश की थी, जिसे क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि आरोपी सचिन की जानकारी राजपाल की निशानदेही पर मिली, जिससे आरोपी सचिन को सायबर तकनीकि और मुखबीर तंत्र की सूचना के आधार पर ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया। सचिन को महिदपुर से बुलवाया गया और उससे तीन दिन तक गहन पूछताछ की गई। इसमें वह कई बातें छिपाने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ में बताया कि उसने अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से आरोपी राजपाल चंद्रावत को बिल्डर विवेक दम्मानी, चेतन सिंह पवांर और कुवंर सिंह भूरिया के घर, ऑफिस और प्रॉपर्टी की और उनके आने-जाने की लोकेशन की रैकी कर जानकारी खुद आरोपी सचिन व कुलदीप ने राजपाल को दी थी, जो आगे सिग्नल एप का माध्यम से हैरी बॉक्सर को भेजी गई थी। सचिन का पुलिस रिमांड लेकर उससे आगे की पूछताछ की जा रही है।

# गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर विवाद, युवक को मारी गोली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के तिलक नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक को गोली मार दी। गोली के छर्रे युवक की जांघ में लगे। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती किया है, उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। घटना में पुलिस को दो आरोपियों की जानकारी मिली है, जिनकी तलाश जारी है।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र के सॉफ्टविजन कॉलेज के ग्राउंड की है। शनिवार देर शाम को यहां पर एक युवक का टोली इकट्ठा हुई थे। बापट चौराहे पर माल्यार्पण के आयोजन में उन्हें जाना था। इस दौरान एक युवक ने परदेशीपुरा के रहने वाले आकाश ठाकुर नामक युवक को गोली मार दी। उसकी जांघ में छर्रे लगे हैं। मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। तिलक नगर टीआई मनीष लोधा ने बताया कि आरोपी और फरियादी महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर बापट चौराहे पर माल्यार्पण के आयोजन में शामिल होने के लिए कॉलेज के पास ग्राउंड में इकट्ठा हुए थे। इस दौरान गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर फरियादी व आरोपी अमित राजावत, उत्तम ठाकुर के बीच घूराघारी हो गई। जिसके बाद आरोपियों ने फरियादी पर फायर कर दिया और मौके से भाग निकले।

# नवकारसी विवाद- 40 दिनों बाद जैन समाज में सुलह

## इंदौर में दोनों पक्षों ने समन्वय और सहयोग के साथ आगे बढ़ने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

महावीर जन्म कल्याणक पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम को लेकर पिछले 40 दिनों से चल रहा विवाद शुक्रवार को सौहार्दपूर्ण संवाद के साथ समाप्त हो गया। समाज में समन्वय और सौहार्द स्थापित करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

विवाद के समाधान को लेकर 8 मई को आचार्य डॉ. मुक्तिसागरसूरीश्वरजी ने संदेश जारी कर समाज में सौहार्द बनाए रखने और विवाद समाप्त करने का आह्वान किया था। इसके बाद श्वेतांबर जैन महासंघ के संरक्षक राजेश चेलावत के आमंत्रण पर दोनों पक्ष उनके निजी



कार्यालय में आमने-सामने बैठे। बैठक में महासंघ अध्यक्ष विजय मेहता, न्यासी मनीष सुराणा, श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन और प्रदेश समन्वयक सौरभ कोठारी मौजूद रहे।

करीब डेढ़ घंटे तक चली चर्चा के दौरान महावीर जन्म कल्याणक पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम से जुड़े पूरे घटनाक्रम पर बिंदुवार मंथन किया गया। दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखते हुए विवाद के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

### महासंघ ने जताया खेद

बैठक के बाद महासंघ अध्यक्ष विजय मेहता ने लिखित रूप से कहा कि महासंघ पदाधिकारियों द्वारा अक्षय जैन (मारू) के साथ हुई बदसलुकी पर खेद व्यक्त किया जाता है। साथ ही, श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित नवकारसी कार्यक्रम की अनुमोदना करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों में सहयोग जारी रखने की बात कही गई।

### हर वर्ष नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस करेगी आयोजन

बैठक में यह सहमति भी बनी कि पूज्य आचार्य डॉ. मुक्तिसागरसूरीश्वरजी की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष महावीर जन्म कल्याणक पर आयोजित होने वाली नवकारसी का आयोजन श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस द्वारा ही किया जाएगा। इसके साथ ही समाजहित के कार्यों में परस्पर सहयोग, समन्वय और सौहार्द के साथ आगे बढ़ने पर भी सहमति बनी।

### कटुता भुलाकर आगे बढ़ने का संकल्प

दोनों पक्षों ने 40 दिन पुराने विवाद और उससे जुड़ी कटु स्मृतियों को पीछे छोड़ने का संकल्प लिया। समाज के प्रबुद्धजनों ने इस समाधान को सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि संवाद और आपसी सौहार्द ही समाज को विभाजन से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## खबर एक नजर...

### जल गंगा संवर्धन, विद्यार्थियों ने ली जल संरक्षण की शपथ

उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने सभी को जल बचाने का संकल्प दिलाया। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे जल स्रोतों को स्वच्छ रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. नीरज सारवान, श्री राधेश्याम, एनसीसी अधिकारी डॉ. मोहन निमोले और डॉ. भीम सेन अखण्ड सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बीमारियों की पूर्व पहचान कर स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

उज्जैन। विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा और जिला अस्पताल के सहयोग से पार्श्वनाथ सिटी में निःशुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पार्श्वनाथ रहवासी समिति के माध्यम से आयोजित इस शिविर में 150 से अधिक रहवासियों ने अपने रक्त की जांच कराकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। पार्श्वनाथ सिटी के प्रमुख अभिलाष जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। रहवासियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से बीमारियों का समय रहते पता चल जाता है, जिससे जल्द उपचार शुरू करने में मदद मिलती है। शिविर के दौरान रहवासियों ने जिला अस्पताल से आई टीम का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और धन्यवाद प्रेषित किया। जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव अनुराग जैन ने बताया कि यह आयोजन 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अंतर्गत चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस के कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में पार्श्वनाथ रहवासी समिति के पदाधिकारियों ईश्वर पटेल, हर्ष जैन, संजय अग्रवाल, नीरव शाह, राहुल बंसल, विजय पावसे, वात्सल्य सिसोदिया, अमित शर्मा, योगेश येवले, हेमंत काकाणी, तपन वैष्णव, स्वप्नेष कुलकर्णी, सीमा सिंधे, अपरा विजयवर्गीय, मनीषा शर्मा, अर्पिता सोमानी और माधुरी सिसोदिया का विशेष योगदान रहा।

### लोक अदालत के दौरान पहुंचे नागरिक कर जमा करने

# पोर्टल की कमजोरी, नागरिकों ने खाए टेबलों के टल्ले, पोस्टिंग करवाने की मजबूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




शनिवार को लोक अदालत के दौरान नगर निगम के जोन कार्यालयों पर कर जमा करने की व्यवस्था शहर में की गई थी। इस दौरान देखने में आया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पोर्टल एवं नगर निगम के कर्मचारियों के कारण नागरिकों को एक से दुसरी टेबल पर टल्ले खाने को मजबूर होना पडा है। यहां तक की पिछले वर्ष की जमा राशि की पोस्टिंग भी नागरिकों को करवाना पडी है।

नगर निगम उज्जैन के अंतर्गत 6 जोन पर शनिवार को संपत्तिकर एवं पानी का बकाया एवं अग्रिम पैसा जमा करवाने के लिए लोक अदालत के तहत आयोजन किया गया था। इसे लेकर लोक अदालत की छूट का लाभ उठाने पहुंचे नागरिकों को उस समय हैरानी हुई जब उन्हें उनका पिछला बकाया बताया जा रहा था। हाथ में पिछले वर्ष की रसीद होने के उपरांत भी कम्प्यूटर पर पोर्टल बकाया बता रहा था। कर्मचारियों का कहना था कि इसकी पोस्टिंग नहीं हुई है। खास यह रहा कि नागरिकों ने टेबल दर टेबल पहुंचकर कर्मचारियों के सहयोग से अपनी राशि की पोस्टिंग भी करवाई और नया कर भी जमा किया है।

#### एक नहीं अनेक मामले सामने आए

लगभग सभी 6 जोन में अग्रिम कर जमा करने वालों को पोस्टिंग की परेशानी से दो-चार होना पडा है। इसमें चेक से भूगतान करने वाल उपभोक्ताओं के मामले ज्यादा सामने आए हैं। चेक से भूगतान की प्रक्रिया में संबंधित उपभोक्ता को एक सामान्य रसीद दी जाती है। चेक क्लीयरिंग होने के बाद उसकी पक्की रसीद उपभोक्ता को जोन कार्यालय लेने जाना पडता है, वो भी करीब एक माह बाद। निगम का लेखा विभाग चेक क्लीयरिंग की जानकारी जोन में भेजता है उसके बाद ही पक्की रसीद मिल पाती है। ऐसे में पिछले वर्ष जिन उपभोक्ताओं ने चेक से भूगतान किया था उनकी पोस्टिंग कंप्यूटर नहीं बता रहा था और संबंधित उपभोक्ता पर पुराना बकाया निकाल रहा था। इस पर उपभोक्ताओं की आपत्ति थी। उपभोक्ता रसीद लेकर पहुंचे और उन्होंने जमा बताया तो काउंटर से उसे पोस्टिंग क्लर्क के पास भेजा गया। अनेक कार्य व्यवस्था के चलते इंतजार के बाद उपभोक्ता की पोस्टिंग हो सकी।

#### पोर्टल अपडेट एवं शिफ्टिंग को बताया कारण

जोन में इस समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने जानना चाहा तो उन्हें बताया गया कि पोर्ट अपडेट एवं अन्य एजेंसी के पास शिफ्टिंग की वजह से ऐसा कई मामलों में सामने आया है।

### अजाक्स ने सुधारक छत्रपति शाहूजी महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय में अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा महान समाज सुधारक छत्रपति शाहूजी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ. आर. एल. परमार के नेतृत्व में शाहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष डॉ. परमार ने कहा कि सुधारक छत्रपति शाहूजी महाराज ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को वजीफा देकर विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजा था। इसी ऐतिहासिक पहल का परिणाम आगे चलकर छात्रवृत्ति योजनाओं के रूप में विकसित हुई। शाहूजी महाराज ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और साहसिक निर्णयों से समाज में व्याप्त ऊँच-नीच और भेदभाव को चुनौती दी। उन्होंने आरक्षण जैसी ऐतिहासिक व्यवस्था लागू कर सामाजिक समानता और न्याय की मजबूत नींव रखी। शिक्षा के प्रसार, महिला सशक्तिकरण तथा दलित-शोषित वर्गों के उत्थान के लिए उनके योगदान आज भी प्रेरणादायक हैं। शाहूजी महाराज का संपूर्ण जीवन मानवता, समानता और न्याय के मूल्यों के लिए समर्पित रहा। उनकी विचारधारा और आदर्श हमें एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर रमेश चंद्र सूर्यवंशी (दताना), श्री राजेश सूर्यवंशी, जिला सचिव नारायण प्रसाद मालवीय, बी.एल. सिंदल, कालूसिंह चौहान, देव नारायण परमार सहित अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री वल्लभ वैष्णव मंडल की कार्यकारिणी घोषित, जयेश श्रॉफ बने अध्यक्ष

### विट्ठल नागर के नेतृत्व में शांतिपूर्ण माहौल में सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के चुनाव महाप्रभु की बैठक पर संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में निर्विरोध संपन्न हुए। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि संपूर्ण मंडल की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

नई कार्यकारिणी में जयेश श्रॉफ को अध्यक्ष एवं निरंजन माहेश्वरी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। नितिन शाह, सिद्धेश्वर दास और सुदेश नीमा उपाध्यक्ष, मनीष नागर सचिव, बालकृष्ण नीमा सहसचिव, दिपेश शाह कोषाध्यक्ष तथा पवन त्रिपाठी सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा सुनील नीमा को जन्मदिवस समिति, बसंत नागर को वैवाहिक वर्षगांठ समिति और रविंद्र मूले को रजिस्ट्रेशन समिति का दायित्व सौंपा गया है। मीडिया प्रभारी का प्रभार दीपक राजवानी संभालेंगे।

संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के साथ सहसंयोजक के रूप में आनंद पुरोहित, अमित नागर व नूपुर नीमा और समन्वयक के रूप में राजेंद्र शाह, विशाल नीमा व हेतल शाह को जिम्मेदारी दी गई है। मंडल को मजबूती प्रदान करने के लिए संरक्षक मंडल में प्रहलाद दास नीमा, श्याम माहेश्वरी, बालकृष्ण नागर, सतीश माहेश्वरी, शैलेंद्र राठी, वल्लभ माहेश्वरी, नंदकिशोर माहेश्वरी, राज श्री दिसावल और शारदा सारडा को शामिल किया गया है।

## मालवांचल अजाक्स के विराट सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिला इकाई की बैठक आज

### कोठी पैलेस स्थित कार्यालय पर जुटेंगे सभी विकासखंडों के अधिकारी-कर्मचारी, ज्वलंत समस्याओं पर भी होगा मंथन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विगत 30 वर्षों से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अधिकार संरक्षण के लिए कार्यरत मप्र अजाक्स (अधिकारी कर्मचारी संघ) की जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक 10 मई 2026 को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स जिला कार्यालय में होने वाली इस बैठक में मालवांचल अजाक्स के विराट सम्मेलन की तैयारियों की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निदान पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

जिला सचिव डी.एल. भीलवाड़ा और राजेश सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक अजाक्स के संरक्षक व पूर्व अपर मुख्य सचिव गृह विभाग जे.एन. कंसोटिया, प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा और कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एस.एल. सूर्यवंशी के निर्देशानुसार बुलाई गई है।

बैठक की अध्यक्षता अजाक्स के जिलाध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार करेंगे। इसमें मुख्य रूप से प्रांतीय महासचिव एवं संभाग प्रभारी महेश विरोलिया, प्रांतीय सचिव डॉ. रमेशचंद्र चांगेसिया, प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ. कनिया मेडा, संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी और कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दरियावसिंह गेहलोद विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में उज्जैन के सभी विकासखंडों के अधिकारी-कर्मचारी हिस्सा लेंगे। आयोजन को सफल बनाने की अपील पूर्व संभागीय सचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी, अविनाश गुजराती, पटवारी रतन गोयल, बी.एल. सीदल, डॉ. मोहन निमोले, मोहनलाल चौहान, नारायण गुजराती, मुकेश वर्मा, सरदारसिंह परमार, हेमराज राठौर, डॉ. गिरधर मालवीय, नंदकिशोर चौहान, जी.एल. परमार, राजेंद्र वाडिया और करण परमार आदि ने की है।

# पाक कला से जीतें परिवार का दिलः जज्बा के समर कैंप में सिखाए गए सलाद डेकोरेशन और स्टार्टर बनाने के गुर

### सब्जी मंडी छत्री चौक स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में आयोजित हुआ निःशुल्क सत्र, बच्चों को बांटे गए पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की सामाजिक संस्था 'जज्बा' द्वारा आयोजित निःशुल्क समर कैंप में बच्चों के लिए सलाद डेकोरेशन, सूप और स्टार्टर बनाने का विशेष सत्र संपन्न हुआ। सब्जी मंडी छत्री चौक स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में आयोजित इस सत्र में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पाक कला के गुर सीखे।

हारून नागौरी और असलम मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र का संचालन श्रीमती उर्मिला बागड़िया द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को कई प्रकार के सलाद बनाने और उन्हें आकर्षक ढंग से सजाने का प्रशिक्षण दिया। सादिक खान और इरशाद नागौरी के अनुसार, इस




अवसर पर श्रीमती बागड़िया ने कहा कि आकर्षक सलाद कटिंग और डेकोरेशन के माध्यम से आप अपने परिवार का दिल जीत सकते हैं। संस्था के भुरू शेख और फरीद कुरेशी ने बताया कि अच्छे भोजन से पूर्व एक बेहतरीन सलाद का होना निहायत जरूरी है और भोजन में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। नईम खान और अतहर आलम अंसारी ने कहा कि सलाद डेकोरेशन का यह हुनर छात्राओं के भावी जीवन को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इसी क्रम में इंसाफ कुरेशी और आरिफ खान ने भोजन से पूर्व स्टार्टर को एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए इसके फायदे साझा किए। बच्चों ने रखे विचार, बंटे पुरस्कार सत्र के दौरान बच्चों ने भी मंच से अपने अनुभव और विचार साझा किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को समीर उल हक द्वारा पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर कैंप में प्रतिदिन सेवाएं देने वाले शिक्षक परवेज खान, जहीर शेख बाबा, हाफिज शाहनवाज सा, श्रीमती शाइस्ता परवीन और श्रीमती शाहेना परवीन सहित जज्बा के सदस्य व शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### 57 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से हुआ

उज्जैन। प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा अभिभाषक ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट के 57 प्रकरणों का निराकरण 9 मई 2026 की नेशनल लोक अदालत में हुआ, जिसमें चेक अनादरण,छोटी धाराओं के प्रकरण तथा परिवारवाद के प्रकरण शामिल हैं, जिसमें प्रमुख रूप से समरीन निवासी उज्जैन का निकाह 2 फरवरी 2013 को इमरान खान निवासी उज्जैन ,नौकरी-सऊदी अरब के साथ हुआ था,इमरान से समरीन को दो बच्चे मेहरान खान तथा अरहान खान उत्पन्न हुए,दहेज प्रताड़ना के कारण आवेदिका 29/3/2023 से पृथक निवासरथ थी,आवेदिका ने इमरान के विरुद्ध भरण पोषण का केस लगा रखा था, जिसका विचरण उपप्रधान पीठासीन न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय उज्जैन श्री राकेश कुमार गोयल के न्यायालय में विचाराधीन था,इमरान सऊदी अरब में नौकरी करता है,लोक अदालत में दी गई समझाइए के आधार पर उभय पक्षों ने आज अपना प्रकरण समाप्त किया तथा दोनों ने साथ में रहना स्वीकार किया,दोनों बच्चों के चेहरे पर खुशी लोटी सहित कई केस सामिल है।

### शनि जयंती पर क्षिप्रा महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भण्डारा का आयोजन 16 मई को

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी छोटा पुल स्थित शनि मंदिर पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति एवं श्री क्षिप्रेश्वर शनि सामाजिक कल्याण समिति द्वारा शनि जयंती के अवसर पर 16 मई को एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। चक्रवर्ती श्मशान घाट के महंत सोमवार नाथ जी महाराज के सान्निध्य में कार्यक्रम आमंत्रण फोल्डर का विमोचन किया गया। इस फोल्डर के माध्यम से साधु-संतों एवं सामाजिक जनों को कार्यक्रम का आमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि शनि जयंती के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षिप्रा महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कैलाशनिवासी 1008 तपस्वी श्री योगी बाबा बमबमनाथ जी महाराज द्वारा दिए गए संदेश को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीर योगी रामनाथ जी महाराज एवं महंत योगी महावीरनाथ जी महाराज उपस्थित रहेंगे तथा श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।दिनांक 16 मई 2026, शनिवार को सायं 6 बजे मंदिर परिसर के समीप क्षिप्रा महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गब्बर बाबा ज्ञान नाथ जी, अचल नाथ जी अघोर आश्रम, गौरव गायकवाड, रोहित राव, आशीष पुजारी, कार्तिक जोशी, पंडित राजेश व्यास सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जावरा रोड भूमि अधिग्रहण में मुआवजे की विसंगति को लेकर किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर जिले में विभिन्न विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उज्जैन-जावरा रोड निर्माण कार्य के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी जारी है। इस दौरान प्रभावित किसानों ने मुआवजे में भेदभाव और गाइडलाइन क्लस्टर में विसंगति का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर आंजना ने बताया कि जावरा रोड क्षेत्र में किसानों की कृषि भूमि अधिग्रहित की जा रही है, लेकिन किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आसपास के अन्य गांवों की तुलना में उनके गांव के किसानों को कम मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि उनकी भूमि की गाइडलाइन अधिक है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द निराकरण किया जाए। किसानों के अनुसार ग्राम बड़ोदिया काजी को गाइडलाइन क्लस्टर में दूर स्थित ग्राम नागपुरा और सारोला को शामिल किया गया है, जबकि नजदीकी ग्राम झिरनिया को इससे बाहर रखा गया है। किसानों का कहना है कि झिरनिया गांव बड़ोदिया काजी से मात्र 1 किलोमीटर दूर है, जबकि नागपुरा और सारोला लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित हैं। ग्राम नागपुरा की वर्तमान गाइडलाइन 19 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर और सारोला की 23 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर है, जबकि ग्राम झिरनिया की गाइडलाइन 27 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर है। इसके बावजूद झिरनिया के किसानों को कम मुआवजा स्वीकृत किया गया है। किसानों ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए झिरनिया गांव को बड़ोदिया काजी गाइडलाइन क्लस्टर में शामिल करने की मांग की है। किसानों ने कहा कि यदि क्लस्टर में संशोधन नहीं किया गया और वास्तविक गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा नहीं मिला, तो ग्रामीण अपनी निजी भूमि से सड़क निर्माण नहीं होने देंगे। किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। कलेक्टर ने किसानों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं की जांच कराई जाएगी तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जसवंतसिंह आंजना, मोहन सिंह गोपाल, गोड कमल पटेल, राकेश राजावत, बिरम सिंह, सुरेश गोड, रमेश गोड, अशोक झिझर, मुकेश सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

#### फोर्टिफाइड भोजन के साथ नमक, चीनी और तेल का उपयोग कम करने की दी गई सलाह

# ईट राइट उज्जैन': मलखंब और योग शिविर में दिया गया स्वस्थ खान-पान का मंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



'खेलों के साथ व्यक्तित्व निर्माण' महा अभियान के तहत शहर में आयोजित ग्रीष्मकालीन मलखंब एवं योग प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में 'ईट राइट' अभियान के तहत खान-पान में नमक, चीनी और तेल का उपयोग सीमित मात्रा में करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी.एस. देवलिया ने सही, स्वच्छ, सुरक्षित और फोर्टिफाइड भोजन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दीप ज्योति हेल्थ एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, जिला खाद्य प्रशासन विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

आयोजन में एमआईसी सदस्य रजत मेहता और पार्षद सुशील श्रीवास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि संरक्षक डॉ. कपिल कटारिया भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को अल्पाहार का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में मलखंब व योग कोच राहुल बारोट, वीशनेस सुगंधी, आदित्य गहलोत और संजना प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### श्री महाराणा प्रताप जी को याद किया

**उज्जैन।** चामुंडामाता चौराहे पर स्थित श्री महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी देशभक्ति को याद किया,इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री अनिलसिंह चंदेल,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य-ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट,शहर अध्यक्ष-अभिषेकसिंह बैस,शहर कार्यकारी अध्यक्ष-अनिलसिंह राजपूत,कोषाध्यक्ष-मलखानसिंह दीक्षित,जिलामहामंत्री-शैलेंन्द्रसिंह ठाकुर एवं सर्वश्री हिन्दूसिंह चुंडावत (पूर्व डिप्टी कलेक्टर),शरदसिंह चौहान,प्रदीपसिंह तोमर,श्यामबहादुरसिंह बघेल, राघवेंन्द्रसिंह जादौन,भारतसिंह राठौड़,भंवरसिंह बैस,सुभाषसिंह तोमर,पवनसिंह जादौन, नागेंन्द्रसिंह जादौन,भूपेंन्द्रसिंह सोलंकी, आदर्शसिंह चौहान,हर्षसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे ।

# मालवांचल अजाक्स का विराट सम्मेलन के लिये बैठक आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विगत 30वर्ष से अजा.अजजा. वर्ग के अधिकार कर्मचारी वर्ग के अधिकार संरक्षण के लिए कार्यरत म. प्र. अजा. अजजा .अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स )की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 10 मई 2026 को अजाक्स जिला कार्यालय कोठी पैलेस पर 11 बजे से रखी गई है। मध्यप्रदेश अजाक्स के संरक्षक माननीय श्री जे. एन. कंसोटिया पूर्व अपर मुख्य सचिव गृह विभाग (म.प्र .शासन) प्रांताध्यक्ष माननीय श्री संतोष वर्मा कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्री एस.एल.सूर्यवंशी के निर्देशानुसार बैठक में मालवांचल अजाक्स सम्मेलन की तैयारी तथा कर्मचारी अधिकारी कर्मचारी की ज्वलंत समस्याओं के निदान पर चर्चा होगी। बैठक में विशेष रूप से प्रांतीय महासचिव एवं संभाग प्रभारी माननीय श्री महेश बिरोलिया प्रांतीय सचिव डा रमेशचंद्र चांगेसिया प्रांतीय संयुक्त सचिव डा कनिया मेडा संभागीय अध्यक्ष श्री जगन्नाथ बागड़ी कार्यवाहक जिलाध्यक्ष श्री दरियावसिंह गेहलोद होंगे। अध्यक्षता अजाक्स जिलाध्यक्ष डॉ रतनलाल परमार करेंगे। उक्त जानकारी जिला सचिव श्री डी एल भीलवाड़ा श्री राजेश सूर्यवंशी ने प्रेस को देते हुए बताया कि बैठक में उज्जैन के समस्त विकास खंड के अधिकारी कर्मचारी भाग लेंगे।

बैठक को सफल बनाने की अपील श्री रमेशचंद्र सूर्यवंशी पूर्व संभागीय सचिव श्री अविनाश गुजराती, रतन गोयल पटवारी बी एल सीदल ,डॉ मोहन निमोले मोहनलाल चौहान नारायण गुजराती, मुकेश वर्षी ,गोपाल बामनिया प्रकाश मालवीय,पूरालाल गुजराती ,सेवाराम मालवीय राकेश सोनगरा, के. एस.सोलंकी, जयंत डाबर श्री मुकेश डाबी आनंदीलाल सुडाती

भेरूसिंह परमार , सरदारसिंह परमार, हेमराज राठौर,डा गिरधर मालवीय नंदकिशोर चौहान, गोकुलसिह नावदीया जी एल परमार राजेंद्र वाडिया, करण परमार, आदि ने बैठक सफल करने की अपील की है।

# उज्जैन के चहुंमुखी विकास में खेलों को मिलेगा पूर्ण महत्व: डॉ. रवि सोलंकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जिला शरीर सौष्ठव संघ का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतिभा अभिनंदन समारोह संपन्न, अंतरराष्ट्रीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत और स्टार बॉडीबिल्डर कमलेश चांगल का हुआ सम्मान

युवा भारत की सांस्कृतिक विरासत के सजग प्रहरी हैं। बलिष्ठ युवा राष्ट्र के मणि मुक्तक होते हैं और युवा तरुणाई देश की आन-बान-शान है। राष्ट्र की बेटियों की रचनात्मक विचारधारा ने देश की प्रगति को नए पंख दिए हैं। उज्जैन के चहुंमुखी विकास में खेलों के विकास को भी पूर्ण महत्व दिया जाएगा।' यह विचार उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने व्यक्त किए।

वे उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिभा अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र को उज्जैन में बॉडीबिल्डिंग खेल का प्रकाश स्तंभ बताया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने की।

इस गरिमामय अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पहलवान प्रियांशी मुकेश प्रजापत और बॉडीबिल्डिंग के स्टार खिलाड़ी कमलेश चांगल का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन इंजीनियर गजेंद्र मेहता ने दिया। समारोह का सफल संचालन बॉडीबिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास 'स्वामी मुस्कुराके' ने किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से मुख्य अतिथि डॉ. रवि सोलंकी को पगड़ी, दुपट्टा, पुष्पमाला एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन की पदाधिकारी ज्योति शर्मा व रितु शर्मा, जिमनास्टिक्स से आर.एल. वर्मा, टेबल टेनिस से राजेश शर्मा, बॉडीबिल्डिंग से विकास वर्मा, तैराकी से हरीश शुक्ला व अविनाश टाटावत, पावरलिफ्टिंग से जय यादव व आनंद सोलंकी तथा वेटलिफ्टिंग से सुजल बामने और आकाश सिंह परिहार ने उनका बहुमान किया। आभार प्रदर्शन चेयरमैन प्रेम सिंह यादव ने किया।

## खबर एक नजर...

### शिवना शुद्धिकरण में श्रमदानियों ने निकाला चार ट्राली कचरा

मन्दसौर। शिवना नदी को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेकर चल रहा शुद्धिकरण अभियान अपने 110वें दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में विभिन्न पत्रकार संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और ग्रामीणों ने मिलकर नदी तट पर श्रमदान किया। सुबह 7 से 9 बजे के बीच चले इस अभियान में नदी से 4 ट्राली कचरा और प्लास्टिक गंदगी बाहर निकाली गई। साथ ही नदी की सुंदरता को प्रभावित कर रही गाजर घास और अवांछित वनस्पतियों को भी हटाया गया। विधायक विपिन जैन ने श्रमदानियों के जोश की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान अब केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा उदाहरण बन गया है। उन्होंने सभी नगरवासियों से इस पुनीत कार्य में जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार संगठन, अहिरवार समाज और विभिन्न गांवों से आए गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### डिप्टी कलेक्टर श्री जैन ने किया नीमच में कचरा पॉइंटों का निरीक्षण

**नीमच।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के साथ नीमच शहर के कचरा पॉइंट (कचरा संग्रहण केंद्रों) का निरीक्षण किया। डिप्टी कलेक्टर श्री जैन ने गोमाबाई रोड, ग्वाल टोली, डाक बंगले के पास तथा जिला चिकित्सालय रोड स्थित कचरा पॉइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुछ कचरा पॉइंटों पर गंदगी पाए जाने पर उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी को कचरा संग्रहण केंद्रों से प्रतिदिन दो बार सुबह-शाम कचरा उठवाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि कचरा प्रतिदिन उठवाया जा रहा है। इस पर श्री जैन ने व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए दिन में दो बार कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने को कहा।

### अवैध मेफेड्रोन लैब का भंडाफोड़- भारी मात्रा में ड्रग्स और उपकरण जब्त

**मन्दसौर।** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो राजस्थान की टीम ने मंदसौर जिले के तहसील दलौदा स्थित लसुड़िया इला गाँव के बाहरी इलाके में चल रही एक गुप्त मेफेड्रोन लैब का पदार्फाश किया है। 8 मई ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए सीबीएन चित्तौड़गढ़ के प्रथम, द्वितीय और तृतीय डिवीजन के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था जिसमें मध्य प्रदेश यूनिट से भी मदद ली गई, जिसके बाद जावरा निवारक सेल की टीम तुरंत मौके पर पहुँची। पूरी जगह की सघन तलाशी के दौरान अधिकारियों ने मेफेड्रोन बनाने के छिपे हुए सेटअप को ढूंढ निकाला और उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया। मौके से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की गई है, जिसमें 21.189 किलोग्राम मेफेड्रोन, 0.487 किलोग्राम अफीम और लगभग 30.800 लीटर विभिन्न रसायन शामिल हैं। इसके साथ ही ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों से भरे बैग भी जब्त किए

-मंदसौर एसपी सख्त, मादक पदार्थ गतिविधियों में लापरवाही पर कडी कार्रवाई

# कचनारा चौकी प्रभारी, एएसआई सहित 3 निलंबित, एक को लाइन भेजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर




जिला पुलिस अधीक्षक विनोद मीणा ने शनिवार को बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए कचनारा चौकी प्रभारी, एएसआई सहित 3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं 1 एसएसआई को लाइन हाजिर लर दिया।

यह कार्रवाई चौकी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थ तस्करी पर नियंत्रण नहीं करने को लेकर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 मई 2026 को सोशल मीडिया एवं अन्य सूत्रों से सूचना मिली थी कि थाना दलौदा की कचनारा चौकी अंतर्गत ग्राम कचनारा- लसुड़ियाईला क्षेत्र में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग जब्त कर बड़ी कार्रवाई की गई। इसके बाद पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए विनोद कुमार मीना ने संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका पर सवाल उठाए। एसपी द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि पूर्व में सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी आसूचना संकलन कर अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कचनारा चौकी प्रभारी एवं अधीनस्थों ने इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया। बाहरी एजेंसी द्वारा इतनी बड़ी कार्रवाई होना चौकी स्टाफ की संदिग्ध कार्यप्रणाली और निम्न व्यावसायिक दक्षता को दर्शाता है। इसी आधार पर चौकी प्रभारी उनि पूर्णिमा सिरोहिया, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक यूसुफ मंसूरी, तथा आरक्षक अर्जुन सिंह को गंभीर लापरवाही, संदिग्ध आचरण एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र मंदसौर संबद्ध किया गया है। वही एसएसआई सीताराम शर्मा को लाइन भेजा गया है। निलंबन अवधि के दौरान तीनों पुलिसकर्मियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा तथा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। एसपी विनोद कुमार मीना ने मामले की जांच के निर्देश देते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर (ग्रामीण) को पांच दिवस में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश भी दिए हैं।

### बिना ओटीपी ,कॉल के पटवारी के खाते से 2.93 लाख उडाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शहर में साइबर ठगी का एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने पुलिस और बैंक प्रशासन की नींद उड़ा दी है। काटजू नगर निवासी और राजस्व विभाग में पदस्थ एक पटवारी के खाते से ठगों ने करीब 2.93 लाख रुपये उड़ा दिए। हैरानी की बात यह है कि इस पूरी वारदात के दौरान पीड़ित के पास न तो कोई फर्जी कॉल आया और न ही उन्होंने किसी के साथ ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा की। जानकारी के अनुसार, पीड़ित पटवारी ने अपनी पारिवारिक जरूरतों के लिए मार्च माह में जीपीएफ खाते से 5 लाख रुपये निकाले थे, जो एसबीआई की कलेक्ट्रेट शाखा स्थित उनके खाते में जमा थे। ठगों ने इसी खाते को निशाना बनाया और तीन दिनों के भीतर बड़ी सफाई से रकम ट्रांसफर कर ली।

पुलिस से जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को पहली बार में 98 हजार रुपये निकाले गए। 28 अप्रैल को दूसरी बार में 97 हजार 1 रुपये पार किए। 29 अप्रैल को तीसरी बार फिर 98 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। इस तरह कुल 2 लाख 93 हजार 1 रुपये खाते से गायब हो गए। मामले का खुलासा 30 अप्रैल को हुआ जब पीड़ित ने अपना बैंक बैलेंस चेक किया।

### प्रदेश अध्यक्ष कुं. रणजीत सिंह ने अपने पैतृक गांव में मनाए महाराणा प्रताप जयंती

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अपने पैतृक गांव में उपस्थित होकर महाराणा प्रताप की आदम कद मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए महाराणा प्रताप जयंती मनाई।

कुं शक्तावत ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर उपस्थित समस्त गांव वासियों को महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेते हुए उनके पद चीन्हो पर चलते हुए राष्ट्र सर्वोपरि और राष्ट्र प्रेम जैसी भावनाओं को अपने हृदय में आत्मसात करने के लिए अपील की और कहा महाराणा प्रताप ने मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं करते हुए यह साबित किया कि वे आम अवाम के सेवक थे यदि वे चाहते तो महलों में रहकर अपना जीवन व्यतीत कर सकते थे लेकिन उन्होंने आम अवाम के हित और अधिकारों तथा धर्म की रक्षा करने के लिए जंगलों में रहकर घास की रोटियां खाई और सभी समाज को अपने गले से लगाए।

# रतलाम-चित्तौडगढ़ रेलखंड पूर्ण दोहरीकृत बना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल अंतर्गत नीमच-रतलाम दोहरीकरण परियोजना के तहत मंदसौर-दलौदा रेलखंड के लगभग 14 किलोमीटर लंबे नवीन दोहरीकृत खंड का रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा निरीक्षण एवं गति परीक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ ही लगभग 133 किलो मीटर लंबे नीमच-रतलाम रेलखंड का दोहरीकरण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है तथा है।

पश्चिम परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त ई. श्रीनिवास ने 8 मई 2026 को मंदसौर-दलौदा रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवीन दोहरीकृत रेललाइन के अंतर्गत निर्मित पुलों, रेलवे ट्रैक, ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई), सिग्नलिंग प्रणाली तथा अन्य सभी संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। इससे पूर्व 06 मई 2026 को इस खंड पर स्थित शिवना ब्रिज का भी गहन निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के उपरांत 8 मई 2026 को नवीन दोहरीकृत रेलखंड पर विशेष निरीक्षण यान को लगभग 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से संचालित कर ट्रैक की गुणवत्ता, स्थिरता एवं संरक्षा मानकों की जांच की गई। निरीक्षण एवं गति परीक्षण संतोषजनक पाए जाने के पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा मंदसौर दलौदा दोहरीकृत रेलखंड पर यात्री एवं मालगाडियों के संचालन हेतु उपयुक्तता प्रमाण पत्र जारी किया गया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मंदसौर दलौदा खंड को संचालन की स्वीकृति मिलने के साथ ही नीमच रतलाम दोहरीकरण परियोजना का एक महत्वपूर्ण चरण पूर्ण हो गया है। यह परियोजना रतलाम मंडल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि रतलाम-चित्तौड़गढ़ रेलखंड न केवल आर्थिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन, संस्कृति एवं औद्योगिक गतिविधियों की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रेलमार्ग है।

नीमच-रतलाम रेलखंड का दोहरीकरण क्षेत्रीय विकास को नई गति प्रदान करेगा। दोहरीकरण के बाद ट्रेनों की संख्या एवं गति में वृद्धि संभव हो सकेगी, जिससे यात्रियों के समय की बचत होगी तथा रेल संचालन अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनेगा। अब सिंगल लाइन के कारण होने वाली क्रॉसिंग एवं ट्रेनों के अनावश्यक ठहराव की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए भी मील का पत्थर सिद्ध होगी। विशेष रूप से सीमेंट उद्योग सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों के लिए मालगाडि ों की आवाजाही अधिक तेज एवं सुगम हो सकेगी, जिससे माल परिवहन क्षमता में वृद्धि होगी और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

दोहरीकरण परियोजना के पूर्ण होने से रतलाम-नीमच-चित्तौड़गढ़ रेलखंड पूर्ण रूप से दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेलखंड के रूप में विकसित हो गया है। इससे रेलवे की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी तथा भविष्य में यात्री एवं माल यातायात की बढ़ती मांग को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस परियोजना से क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी अधिक सुगम होगी, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने की संभावना है। पश्चिम रेलवे द्वारा यह परियोजना यात्री सुविधा, संरक्षा एवं आधुनिक रेल अवसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस पर एमएसएमई के सशक्तिकरण और तकनीकी नवाचार पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



लघु उद्योग भारती की मंदसौर इकाई द्वारा संगठन का 33वां स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती म.प्र. के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने भारतीय संस्कृति के शुभ लाभ सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्यमियों का लक्ष्य केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें कर्मचारियों के कल्याण, राष्ट्र के औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने संगठन को एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

समारोह के विशेष अतिथि लघु उद्योग भारती मालवांचल के अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई क्रेडिट गारंटी और वित्तीय रियायतों की जानकारी देते हुए उद्यमियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं मालवांचल के संयुक्त महामंत्री संजय व्यास ने भी अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान मंदसौर इकाई के अध्यक्ष सौरभ तोमर ने एमएसएमई फेशिलिएशन काउंसिल की उपयोगिता बताते हुए छोटे उद्योगों में एआई के बढ़ते महत्व पर एक विशेष प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने समझाया कि एआई के माध्यम से कम लागत में पैकेजिंग डिजाइन और सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने सरकारी खरीद के लिए जीईएम पोर्टल और व्यापारिक अवसरों के लिए लीप पोर्टल की विस्तृत जानकारी साझा की। संगठन की प्रथम महिला सदस्य बबीता भट्ट का सम्मान किया गया। संचालन सचिव हर्षित सोनगरा ने किया व उपाध्यक्ष कन्हैया कुमावत ने आभार माना।

### नगर में बिजली कटौती से भारी आक्रोश

**नीमच।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम जाट में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। गांव में नई बिजली केबल डालने का कार्य चल रहा है, लेकिन इस काम के चलते बिना पूर्व सूचना घंटों तक बिजली बंद रखी जा रही है। इससे ग्रामीणों को गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमर्जी के अनुसार कभी भी परमिट लेकर बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। दो दिन पहले सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। तेज गर्मी के कारण लोग घरों में भी बिना पंखे और कूलर के नहीं रह पा रहे हैं।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 10 जून तक होगा आयोजित

ब्रह्मास्त्र ›› आलीराजपुर

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागृह में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त खेल प्रशिक्षक, सीएमओ, सीएमएचओ, डीएसओ, डीएसपी, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी तथा ग्रामीण युवा समन्वयक उपस्थित रहे।



बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी संतरा निनामा द्वारा जानकारी दी गई कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 मई से 10 जून 2026 तक किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर क्रिकेट, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग एवं मार्शल आर्ट जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं विकासखंड स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कट्ठीवाड़ा में कबड्डी एवं क्रिकेट, सोंडवा में खो-खो एवं एथलेटिक्स, जोबट में बॉक्सिंग एवं कबड्डी, उदयगढ़ में एथलेटिक्स एवं कबड्डी तथा चंद्रशेखर आजाद नगर में फुटबॉल सहित अन्य खेलों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को खेलों से जोड़ा जाएगा।

बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनसंवाद का अवसर भी प्रदान किया जाएगा तथा सामाजिक एवं नैतिक विषयों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं मोबाइल एडिक्शन कंट्रोलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूक किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल ने जिले के बच्चों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## वैवाहिक वर्षगांठ मनाई

**सनावद।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के पीआईडी ला. कमलेश जैन एवं कंचन जैन की वैवाहिक वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस मंगलमय अवसर पर लायंस क्लब स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन और लायन साथियों ने जैन दंपत्ति को सुखद एवं समृद्धशाली दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। लायंस क्लब की एलसी आईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता जैन ने कहा कि जैन दंपत्ति ने लायनवाद के उद्देश्यों के अनुरूप क्लब की सामाजिक गतिविधियों में सराहनीय भूमिका का निर्वाह किया है।

## ब्रह्मपुर में 11 से 17 मई तक श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन होगा

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ब्रह्मपुर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मालवा माटी के विख्यात कथा वाचक परम पूज्य श्री गोपालकृष्ण जी महाराज (उज्जैन) अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराएंगे। उक्त जानकारी शनिवार दोपहर 12 बजे श्री गणेश उ.मा. विद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री गणेश भागवत कथा समिति के अध्यक्ष जगदीश वाढे ने दी। उन्होंने बताया कि ज्ञानयज्ञ सप्ताह 11 मई से 17 मई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। कथा स्थल श्री गणेश उ.मा.वि. प्रांगण, ब्रह्मपुर निर्धारित किया गया है। 11 मई सोमवार को सुबह 7 बजे बालाजी मंदिर महाजनपेठ से पोथी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी एवं राष्ट्रप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित कथा में सहभागिता करने की अपील की है। समिति का कहना है कि कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और राष्ट्रप्रेम का दिव्य संगम श्रद्धालुओं को देखने मिलेगा। विशेष बात यह है कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल च्राष्ट्रधर्म भक्ति धाराज्ञ पर भी किया जाएगा, जिससे दूर-दराज के श्रद्धालु भी लाभ ले सकेंगे। आयोजन का संचालन श्री गणेश भागवत कथा समिति एवं समस्त कार्यकर्ता बंधु, जिला बुरहानपुर द्वारा किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में समिति सचिव गोपाल मुजाल्दा, देवीदास विश्वकर्मा, नरेंद्र जाधव, दिलीप इंगले, लक्ष्मण भलावी, मुकेश पूर्वे, अजित परदेशी सहित अन्य मौजूद रहे।

# एडवोकेट को मिली जान से मारने की धमकी

### अधिवक्ता संघ ने दिया पुलिस थाने में ज्ञापन, पुलिस से की अज्ञात व्यक्ति पर कार्यवाही की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› सनावद

अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब इससे इंसाफ के मंदिर में न्याय दिलाने वाले अधिवक्ता भी अछूता नहीं रहे एक और जहां देश में अधिवक्ताओ पर जानलेवा हमले की खबर आती है वहीं ऐसा ही मामला सनावद न्यायालय में विगत कई वर्षों से वकालत कर रहे सतबीर सिंह खनूजा के साथ घटित होना प्रकाश में आया है।

सतवीर सिंह खनूजा ने बताया कि वह रोजाना की तरह जब न्यायालय में उपस्थित हुए तो उन्हें डाक के माध्यम से एक लिफाफा (खत) प्राप्त हुआ जिसे खोलकर देखने पर उसमें एक पर्ची मिली जिसमें लिखा था मिस्टर सतबीर सिंह खनूजा तूने वकालत में काफी कैसो को सच को झूठ और झूठ को सच किया है वकालत छोड़ दे घर से बाहर निकले तो सोच समझ कर निकालना निपट जाएगा सुपारी दे दी है! जब सतवीर सिंह खनूजा ने उसे लिफाफे पर लगी सील देखी तो वह बड़वाह से आना प्रतीत हुआ सतबीर सिंह खनूजा द्वारा उक्त घटना को सनावद की बार एसोसिएशन में एक आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसको गंभीरता से लेकर कर अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्ताव पारित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया अधिवक्ताओ इस मामले को लेकर आक्रोश देखने को मिला अधिवक्ताओं ने इस घटनाक्रम की कड़ी आलोचना की एवं अधिवक्ता संघ ने इस संबंध में सनावद थाने पर बड़ी संख्या में पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया जिसमें अज्ञात व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई करने हेतु ज्ञापन दिया ज्ञापन का वाचन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश मालवीय द्वारा किया गया।

इस दौरान कृष्ण राव सोनोने, गोपाल चौहान, सुनील व्यास, जयेश यादव, ज्योति चौहान, श्वेता माहेश्वरी, कृष्ण चंद्र सोहनी, आशीष मिश्रा, रिंकेश जैन, विमल बिरला, मनोज यादव, मनोज गीते, विजय ६ग्गा, राधेश्याम सेन, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## जनगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**देपालपुर।** तहसील देपालपुर में जनगणना कार्य तेज गति से जारी है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार तहसील क्षेत्र में कुल 339 गणना ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं, जिनमें कार्य निष्पादन के लिए 339 प्रगणक एवं 46 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। अब तक 3 गणना ब्लॉक का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि संपूर्ण तहसील के प्रगणकों द्वारा लगभग ४५ प्रतिशत कार्य संपन्न कर लिया गया है। जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लेने हेतु 4 मई को जिला स्तर से निरीक्षण दल ने देपालपुर पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। दल का नेतृत्व जिला सांख्यिकी कार्यालय से संभागीय प्रभारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसील में चल रहे कार्यों की गति, दस्तावेजीकरण एवं मैदानी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण दल का स्वागत तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी जनगणना तहसील देपालपुर श्रीमती संगीता गोलियां, जनगणना प्रभारी संतोष राव सनस तथा समन्वयक प्रशांत त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान दल ने ग्राम बनेडिया के एक गणना ब्लॉक का स्थल निरीक्षण भी किया, जहां प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्य, डेटा संकलन प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड संधारण का परीक्षण किया।

# नेशनल लोक अदालत में सैकड़ों प्रकरणों का आपसी समझौते से हुआ निराकरण

ब्रह्मास्त्र ›› खरगोन

जिला मुख्यालय पर 8 खंडपीठों पर न्यायालयीन समझौता योग्य रखे गए थे। षष्ठम जिला न्यायालय में लोक अदालत के दौरान मोटर दुर्घटना मामले में 1 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम सेटलमेंट किया गया, जो नेशनल लोक अदालत में ऐतिहासिक समझौता माना जाता रहा है।



एडव्होकेट राजेंद्र पाठक ने बताया कि वर्ष 2024 में प्रापर्टी ब्रोकर एवं कपड़ा व्यवसायी इरफान खत्री की इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी सफीना ने वाहन मालिक, चालक और बीमा कंपनी पर करोड़ 53 लाख रुपए क्लेम का प्रकरण लगाया था। प्रकरण में शनिवार को बीमा कंपनी और मृतक की पत्नि के आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कराया है।

सुबह 10.30 बजे तृतीय जिला न्यायाधीश राजकुमार यादव ने नेशनल लोक अदालत की शुरूआत की। न्यायाधीश श्री यादव ने बताया कि लोक अदालत में 361 न्यायालय लंबित प्रकरण एवं 8 हजार प्रीलिटिगेशन के प्रकरण रखे गए थे, जिसमें सैंकड़ों प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण हुआ है। लोक अदालत सरल एवं सुलभ न्याय दिलाने का माध्यम है। सालों से लंबित मामलों का एक ही दिन में समाधान होता है।

## खारीवाल कॉलोनी में जल भराव ब्रिज पर फ्लेक्स से हो रहे हादसों को लेकर सीएमओ से मिले

**जावरा** । नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा नेताओं एवं अन्य ने नगर पालिका सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस से मिलकर पत्र दिया ।यहां विभिन्न व्याप्त समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कर शीघ्र निराकरण किया जाने को कहा। भाजपा पूर्व जिला मंत्री सुनील भावसार ने बताया कि पूर्व जिला अध्यक्ष कान सिंह चौहान के नेतृत्व में सीएमओ से मिलकर उन्हें अवगत करवाया कि खारीवाल कॉलोनी में विगत लंबे समय से जल भराव की समस्या व्याप्त है ।नाले पर रोड नहीं बनाई गई जिससे गंदगी मच्छरों का प्रकोप बहुत बढ़ गया है ।नगर के ओवर ब्रिज पर आए दिन बिजली खम्बो पर बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाए जाने से दुर्घटनाएं हो रही ।फ्लेक्स लगाने पर तुरंत रोक लगाई जावे । प्रधानमंत्री आवास योजना में नगर पालिका छोटी-मोटी तकनीकी गलती बता कर पात्र लोगों को आवास नहीं दे रही ऐसे हितग्राहियों को तुरंत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जावे। अभिभाषक धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि काटजू नगर कॉलोनी में नालियों की नियमित सफाई न होने से औवर फ्लो होकर जिससे गंदगी व कीचड पसरा हुआ है। नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को शासन के निर्देश अनुसार एरियर की तत्काल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जावे।

## 6 माह पश्चात नाराज पत्नी समझाईश पश्चात घर लौटी

**बड़वानी।** दुदडीबाई पति मोहनिया का विवाह 4 वर्ष पूर्व हुआ था शादी पश्चात दोनो के 2 बच्चे हुए।बडा पुत्र 2 वर्ष, दूसरा पुत्र 1 माह का है। पत्नी दुदडीबाई भगोरिया पर्व में गई जिसके पश्चात वह पति को बिना बताये अपने मायके चली गई। जिससे दोनो पति-पत्नि में मन मुटाव हो गया था और बात इतनी बढ़ गई थी कि पति ने पत्नी को घर से निकाल दिया था और पिता ने बड़े पुत्र को अपने पास रख लिया था। पत्नी 6 माह से अपने मायके में रह रही थी। परेशान होकर दुदडीबाई ने अधिवक्ता श्री शाकिर शेख व अधिवक्ता एमजे शेख से सम्पर्क किया। उन्हें अपनी पीड़ा बताई कि उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया है।

## भारत विकास परिषद द्वारा राज्यपाल गेहलोत का किया सम्मान

**आलोट।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आलोट पहुंचने पर भारत विकास परिषद आलोट शाखा द्वारा गहलोत का स्वागत किया गया एवं आलोट शाखा द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए चलाए जा रहे सकोरा वितरण महाअभियान एवं अन्य सेवा प्रकल्पों की जानकारी श्री गेहलोत को दी इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष कमल गुप्ता, संरक्षक निलेश जॉंगलवा कोषाध्यक्ष आशीष काला, सचिव मनिष फरक्या , पहलाद सिंह परिहार पंकज चौधरी संदीप सांखला शांतिलाल पोरवाल आदी उपस्थित रहे। राज्यपाल गेहलोत पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता की कुशलक्षेम जानने उनके निवास स्थान पहुंचे थे।

## कामकाजी बैठक में बूथ मजबूत का दिया मंत्र

**जावरा** । भाजपा नगर मंडल की कामकाजी बैठक निजी स्कूलों में संपन्न हुई। जिसमें नगर मंडल प्रभारी जयवंत कोठारी ने कहा कि पार्टी पूरे देश में विजय पताका फहरा रही है। हमें नगर मंडल के प्रत्येक बूथ को विजय बनाने की रणनीति के साथ कार्य करना है। आपने संगठन के आगामी कार्यक्रमो की जानकारी दी। जिला महामंत्री महेश सोनी ने कहा प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में बूथ स्तर पर बैठक आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां को बताएं।

# 9 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में हुआ प्रकरणों का निराकरण

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री महेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर बड़वानी के ए.डी.आर भवन में माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न्याय आपके द्वार का संकल्प पूरा होता है। लोक अदालत में ऐसे प्रकरणों को निराकरण किया जाता है जिसमें दोनो पक्षकार अपनी सहमति एवं राजीनामा से उनके प्रकरण का हल निकालते है। लोक अदालत का यह नारा है न कोई जीता ना कोई हारा। साथ ही अधिवक्तागण से लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की।

नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश श्री लीलाधर सोलकी द्वारा नेशनल लोक अदालत में लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नेशनल लोक अदालत में समस्त बैंक, बिजली विभाग, नगर पालिका बी.एस. एन.एल. आदि द्वारा स्टॉल लगाकर प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में वसुली की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री अमूल मण्डलोई द्वारा किया गया जिसमें उन्होने विद्युत छुट, जलकर छुट, सम्पत्ति छुट, दुकान किराये में छुट आदि का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश / प्रभारी अधिकारी श्री लीलाधर सोलकी, श्रीमती रेखा चन्द्रवंशी तृतीय अपर जिला न्यायाधीश बड़वानी, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री चंदनसिंह चौहान, मुख्य न्यायिक मजि. श्री सुमित शर्मा, सचिव श्री अमूल मण्डलोई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी, महेन्द्र सिंह रावत व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बड़वानी, पुष्पेन्द्र भार्गव कनिष्ठ खण्ड/न्यायिक मजि, बड़वानी, सोहनलाल पाटीदार अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बड़वानी, उपाध्यक्ष श्री जुल्फीकार, नुरूज्जमा शेख, जुल्फीकार, सचिव अधिवक्ता संघ/समस्त अधिवक्तागण बड़वानी, कार्यपालन यंत्री एम.पी.ईबी., जनसम्पर्क अधिकरी, पैनल अधिवक्ता / सुलहकर्ता सदस्य, पी.एल.व्ही, पक्षकार गण एवं अन्य समस्त विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस से हुआ उद्घाटन

बुरहानपुर में नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 10 खंडपीठ गठित की गईं। इनमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण एवं संपत्ति कर, जलकर, बैंक रिकवरी, विद्युत बिल सहित अन्य विभागों के प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गए।



## शक्ति कपूर अपनी मौत की अफवाह पर भड़के

### बोले- मैं बिल्कुल ठीक और खुश हूं, फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ लीगल एक्शन लूंगा

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के पिता और दिग्गज एक्टर शक्ति कपूर अपनी मौत की फर्जी खबरों को लेकर भड़क गए हैं। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर उनके निधन की अफवाहें उड़ रही थीं, जिससे एक्टर परेशान हो गए थे। अब शक्ति कपूर ने खुद सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर इन खबरों का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और ऐसी हरकत करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे।

कहा- मैं स्वस्थ और खुश हूं शक्ति कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे काफी फिट नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्टर ने कहा, सभी को नमस्कार, मेरी मौत की अफवाह पूरी तरह झूठी है। मैं स्वस्थ और खुश हूं। प्लीज इसे इग्नोर करें। मैं इसकी शिकायत करने जा रहा हूं, लेकिन ये ठीक नहीं है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह की फर्जी खबरें फैलाना अच्छी बात नहीं है और इससे परिवार और चाहने वालों को मानसिक तनाव होता है। अस्पताल जाने के बाद शुरू हुई थी चर्चा शक्ति कपूर के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें इस साल की शुरूआत में तब शुरू हुई थीं, जब उन्हें बेटी श्रद्धा कपूर के साथ एक अस्पताल के बाहर देखा गया था। उस वक्त श्रद्धा वहां मौजूद पैपराजी पर काफी भड़क गई थीं। श्रद्धा का गुस्सा देख सोशल मीडिया पर यह चर्चा होने लगी थी कि शायद शक्ति कपूर की तबीयत काफी ज्यादा खराब है। मेरे हसबैंड की बीवी में आए नजर वर्क फ्रंट की बात करें तो शक्ति कपूर को आखिरी बार फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में देखा गया था। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिकाओं में थे।

### बॉलीवुड में अब भी पुरुषों का दबदबा- कृति सेनन

## महिला कलाकार बराबर मेहनत करती हैं, फिर भी फीस में बड़ा अंतर

बॉलीवुड में एक्टर्स की फीस और बढ़ते प्रोडक्शन कॉस्ट को लेकर लंबे समय से बहस चल रही है। अब एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर कृति सेनन ने भी इंडस्ट्री में मौजूद जेंडर पे गैप और पैट्रिआर्की पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि आज भी फिल्मों में बजट कम पड़ने पर सबसे पहले एक्ट्रेस की फीस कम की जाती है, जबकि मेल स्टार्स की फीस पर ज्यादा असर नहीं पड़ता।

कृति ने कहा कि बॉलीवुड में पैट्रिआर्की अब भी गहराई से मौजूद है। उनके मुताबिक, फीमेल-लीड फिल्मों को लेकर मेकर्स आज भी रिस्क लेने से डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ऐसी फिल्में मेल-लीड फिल्मों जितना बिजनेस नहीं कर पाएंगी।



कृति ने सवाल उठाया कि जब मेहनत दोनों कलाकार बराबर करते हैं तो फीस में इतना बड़ा फर्क क्यों होता है। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि कई बार फिल्म का बजट कंट्रोल करने के नाम पर एक्ट्रेसेस से फीस कम करने को कहा जाता है। वहीं बड़े मेल स्टार्स की फीस और उनकी डिमांड्स पर कम सवाल उठते हैं। इंडस्ट्री में बढ़ती स्टार फीस और एंटूराज कॉस्ट को लेकर पहले भी कई फिल्ममेकर चिंता जता चुके हैं।



कृति ने पहले भी कहा था कि सितारों के साथ चलने वाले लोगों और दूसरी गैरजरूरी चीजों पर बहुत खर्च होता है, जबकि ध्यान फिल्म की कहानी पर होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि किसी किरदार की जरूरत के हिसाब से खर्च समझ आता है, लेकिन कई बार लग्जरी और गैरजरूरी खर्च भी प्रोड्यूसर्स पर डाल दिए जाते हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा था कि एक स्टार के लिए दो कुक और एक शेफ रखना जरूरत से ज्यादा है। अब प्रोड्यूसर बनने के बाद कृति इंडस्ट्री के आर्थिक दबाव को और करीब से समझ रही हैं। उनका कहना है कि वे ऐसी फिल्में बनाना चाहती हैं जहां कंटेंट और टैलेंट को प्राथमिकता मिले, न कि सिर्फ स्टार सिस्टम को। सोशल मीडिया पर भी कृति के बयान को लेकर बहस छिड़ गई है। कई यूजर्स ने उनके बयान का समर्थन किया, जबकि कुछ लोगों ने सवाल उठाए कि इंडस्ट्री में बदलाव की शुरूआत बड़े कलाकारों को खुद करनी चाहिए।





## धुरंधर की मेकअप आर्टिस्ट ने बदला सलमान का लुक

### ईद 2027 की फिल्म में दिखेंगे एक्टर के कई दमदार और अनदेखे अवतार

सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर दमदार वापसी की तैयारी में हैं। इस बार चर्चा सिर्फ उनकी नई फिल्म की नहीं, बल्कि उनके जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन की भी हो रही है। खबर है कि सलमान के नए लुक के पीछे वही नाम है, जिसने हाल ही में धुरंधर में अपने मेकअप और प्रोस्थेटिक्स से लोगों को चौंका दिया था।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक, निमार्ता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की अपकमिंग एक्शन एंटरटेनर के लिए मेकर्स ने मशहूर मेकअप आर्टिस्ट प्रीतिशील सिंह को टीम में शामिल किया है। प्रीतिशील सिंह वही आर्टिस्ट हैं, जिनके काम की धुरंधर में काफी तारीफ हुई थी। अब उन्होंने सलमान खान के लिए भी ऐसा लुक तैयार किया है, जिसे पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया।

सूत्रों की मानें तो फिल्म में सलमान खान कई अलग-अलग अवतारों में नजर आएंगे। इन लुक्स को बेहद डिटेलिंग के साथ डिजाइन किया गया है, ताकि हर किरदार और एक्शन सीक्वेंस में उनका स्क्रीन प्रेजेंस अलग दिखाई दे। सलमान खुद भी अपने इस मेकओवर से काफी खुश बताए जा रहे हैं और फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। फिल्म में सलमान के साथ साउथ स्टार नयनतारा नजर आएंगी। दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूटिंग के दौरान दोनों की केमिस्ट्री काफी अच्छी देखने को मिल रही है और मेकर्स को उम्मीद है कि यह फ्रेश जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म की शूटिंग फिलहाल मुंबई में चल रही है। हालांकि अभी तक फिल्म के टाइटल का ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। इस फिल्म को अस्थायी नाम रश्३63 दिया गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि अगले दो हफ्तों में इसका टाइटल लॉन्च वीडियो रिलीज किया जाएगा। मेकर्स को भरोसा है कि फिल्म का टाइटल और सलमान का नया लुक सोशल मीडिया पर बड़ा चर्चा का विषय बनेगा।

## बिग बॉस फेम कुनिका सदानंद का बीजेपी पर तंज

### लिखा- सत्ताधारी दल ने लोगों के दिमाग खराब किए, समझदारी दिखाने पर पीट कर मार डालेंगे

एक्ट्रेस और 'बिग बॉस 19' की एक्स कंटेस्टेंट कुनिका सदानंद ने इकेंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने देश के मौजूदा माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि अब भारत में समझदारी की बात करने पर लोगों को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

कुनिका सदानंद ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, भारत एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गया है जहां अगर आप समझदारी की बात करने की कोशिश करेंगे, तो लोग आपको गाली देंगे, धमकाएंगे और लगभग सड़कों पर पीट-पीटकर मार डालेंगे।



बीजेपी की 'उपलब्धि' बताकर कसा तंज अपने ट्वीट में कुनिका ने बिना नाम लिए सत्ताधारी दल पर तंज कसा। उन्होंने आगे लिखा, यही सत्ताधारी दल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने सिर्फ संस्थाओं को ही नहीं, बल्कि लोगों के दिमागों को भी नष्ट कर दिया है।



अपने ट्वीट के अंत में उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में 'जय हिंद, मेरा भारत महान' भी लिखा।

बिग बॉस 19 से की थी छोटे पर्दे पर वापसी अनुभवी एक्ट्रेस कुनिका सदानंद ने पिछले साल ही रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के जरिए टेलीविजन पर वापसी की थी। शो के दौरान भी वे अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती थीं। कुनिका 80 और 90 के दशक की फिल्मों का चेहरा रही हैं। वे न केवल फिल्मों, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ और अफेयर्स पर भी खुलकर बोलने के लिए पहचानी जाती हैं।

विवादों से रहा है पुराना नाता यह पहली बार नहीं है जब कुनिका सदानंद किसी राजनीतिक पार्टी पर निसाना साधा हो। वे पहले भी कई मौकों पर सरकार की नीतियों की आलोचना कर चुकी हैं। फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' जैसी प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं कुनिका का मानना है कि कलाकारों को सामाजिक मुद्दों पर अपनी आवाज उठानी चाहिए।

## गुजरात की सबसे बड़ी आईपीएल जीत, जडेजा ने बटलर का विकेट जेब में डाला

# वैभव सूर्यवंशी के टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



गुजरात ने शनिवार को राजस्थान को 77 रन से हराकर आईपीएल इतिहास की अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की। जयपुर में खेले गए मैच में राजस्थान के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 100 टी-20 छक्के पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया। रवींद्र जडेजा ने जोस बटलर का विकेट लेने के बाद जेब में डालने वाला खास सेलिब्रेशन भी किया।

**100 छक्कों के लिए वैभव ने खेली 514 गेंद-** इस मैच में राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पहले ही ओवर में यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने 514 गेंदों में 100 छक्के पूरे कर वेस्टइंडीज के किरोन पोलार्ड का रिकॉर्ड तोड़ा। पोलार्ड ने 843 गेंदें खेली थीं।

**आर्चर ने सबसे लंबे आईपीएल ओवर के रिकॉर्ड की बराबरी की-** मैच का पहला ओवर राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर ने डाला। इस ओवर को पूरा करने में उन्हें 11 गेंदों लग गईं। इस ओवर में उन्होंने 4 वाइड और एक नो-बॉल सहित 18 रन दिए। यह आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे लंबा ओवर भी रहा। गुजरात ने राजस्थान को 77 रन से हराया, सबसे बड़ी जीत गुजरात ने रनों के अंतर से अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। पिछला रिकॉर्ड 62 रन का था।

**पिंक प्रॉमिस के तहत पिंक जर्सी में उतरी राजस्थान-** राजस्थान की टीम गुजरात के खिलाफ ऑल पिंक जर्सी में उतरी। टीम ने पिंक प्रॉमिस अभियान के तहत यह जर्सी पहनी। राजस्थान रॉयल्स पिछले कुछ सीजन से आईपीएल में एक मैच पिंक जर्सी में खेलती है। यह पहल ग्रामीण राजस्थान की महिलाओं की मदद के लिए है। इसके तहत हर सिक्स पर रॉयल्स अपने स्पॉन्सर के साथ मिलकर छह घरों में सोलर लाइट लगाती है।

**जडेजा की बॉल पर गिल को जीवनदान, छक्का मिला-** 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर शुभमन गिल को जीवनदान के साथ छक्का मिला। जडेजा की लेग स्टंप पर स्लॉट गेंद पर गिल ने एक घुटने पर बैठकर बड़ा शॉट खेला। गेंद डीप मिडविकेट पर शिमरॉन हेटमायर के पास गई, लेकिन वह कैच नहीं पकड़ सके और गेंद बाउंड्री पार चली गई।

**जडेजा ने बटलर को कैच कराया, विकेट जेब में डालने का इशारा किया-** 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने जोस बटलर को डोनोवान फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद जडेजा ने विकेट जेब में डालने का इशारा किया। दोनों के बीच 12 भिड़ंत में जडेजा ने बटलर को 3 बार आउट किया है। बटलर ने जडेजा की 66 गेंदों पर 82 रन बनाए हैं।

**राशिद ने जुरेल-फरेरा को बोल्ड किया-** राजस्थान की पारी के 8वें ओवर में राशिद खान ने ध्रुव जुरेल और डोनोवन फरेरा को बोल्ड किया। तीसरी गेंद पर जुरेल 24 रन बनाकर आउट हुए। चौथी गेंद पर फरेरा ने चौका लगाकर खाता खोला। पांचवीं गेंद पर राशिद ने फरेरा को बोल्ड कर दिया। फरेरा 4 रन बनाकर आउट हुए।

### आईपीएल में आज पहला मुकाबला चेन्नई-लखनऊ

## सुपर किंग्स के पास लगातार जीत की हैट्रिक का मौका



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल 2026 में आज डबल हेडर के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स चेपॉक में लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी। मैच 3.30 बजे से खेला जाएगा। पॉइंट्स टेबल में छठे स्थान पर मौजूद चेन्नई के लिए यह मैच टॉप-4 की रेस में बने रहने के लिए अहम है। वहीं, 10वें स्थान पर मौजूद लखनऊ के लिए एक और हार टूर्नामेंट से बाहर कर सकती है। चेन्नई इस सीजन में निरंतरता की कमी से जूझ रही है, लेकिन चेपॉक में टीम लय हासिल करना चाहेगी।

**दोनों टीमें 7वीं बार आमने-सामने होंगी-**दोनों टीमों के बीच अब तक 6 मैच खेले गए हैं। सीएसके ने 2 और एलएसजी ने 3 मैच जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा। पिछले सीजन में दोनों के बीच खेला गया मुकाबला चेन्नई ने जीता था। वहीं, इस सीजन दोनों का यह पहला मुकाबला है।

चेन्नई की बल्लेबाजी इस सीजन में काफी हद तक संजू सैमसन पर निर्भर रही है। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के बावजूद सैमसन ने 52 गेंदों पर 87 रन की नाबाद पारी खेली थी। वे 10 मैचों में 2 शतक के साथ 402 रन बनाकर टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। कप्तान ऋतुराज गायकवाड से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी। मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस, जेमी ओवरटन और शिवम दुबे से तेजी से रन बनाने की उम्मीद रहेगी। अंशुल कंबोज 17 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। वहीं, चेन्नई के लिए अकील हुसैन और नूर अहमद चेपॉक की पिच पर अहम साबित हो सकते हैं। चेन्नई के फैंस के लिए सबसे बड़ा सवाल एमएस धोनी की फिटनेस है। पिंडलियों में चोट के कारण धोनी अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## सीबीआई की कार्रवाई

# 27337 करोड़ के घोटाले में अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अनिल अंबानी की कंपनियों पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई। 27,337 करोड़ रुपये के एलआईसी और बैंक धोखाधड़ी मामले में मुंबई के 17 ठिकानों पर छापे।

देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है।

सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च ऑपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है। जांच एजेंसी ने इन कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों पर छापे मारे। इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट करने के लिए किया गया था। मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और एलआईसी को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

## सरकार ने एमएसएमसई क्षेत्र के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को बढ़ाने का फैसला उद्योग के लिए महत्वपूर्ण

# ईसीएलजीएस 5.0 को मंजूरी से उद्योगों को मिलेगा लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




सरकार ने एमएसमसई क्षेत्र के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को बढ़ाने का फैसला उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला साबित होगा। विशेष रूप से मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, ऑटो कंपोनेंट्स, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री, फार्मा, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स सहित स्टार्टअप्स और सेवा क्षेत्र को इससे बड़ा लाभ मिलेगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की वजह से एमएसएमई क्षेत्र के उभरते हुए उद्योग व्यापार पर बढ़ रहे तनाव को कम करने के लिए सरकार आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 5.0 को बढ़ाया जाने की मंजूरी दी है। जिसको सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई क्षेत्र) ने इसको राहत भरा कदम बताया है। उद्योग और संगठनों का कहना है, सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र को युद्ध की वजह से हो रही परेशानियों को माना और उसके लिए क्रेडिट लाइन योजना का विस्तार किया यह महत्वपूर्ण है। इससे उद्योग को आवश्यक तरलता प्रदान करेगी साथ ही रोजगार, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने में सहायक होगी।

महाराष्ट्र उद्योग व व्यापार संघ के चैंबर के अध्यक्ष दीपेन अग्रवाल ने अमर उजाला डॉटकॉम से बातचीत में बताया कि सरकार द्वारा आपातकालीन ऋण गारंटी योजना 5.0 के फैसले का एमएसएमई क्षेत्र स्वागत करता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की वजह से आयात-निर्यात आधारित कारोबार और एलपीजी पर निर्भर कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। जिनके सामने कारोबार बंद करने या फिर कम काम करने की समस्या बनी हुई उनके लिए यह सबसे बड़ी राहत लेकर आया है। अग्रवाल कहते हैं, इस योजना के तहत पात्र उधारकर्ता उपयोग की गई अधिकतम कार्यशील पूंजी के 20 प्रतिशत तक का ऋण ले सकते है। जिसकी सीमा अधिकतम 100 करोड़ रुपये है। यह आवश्यक तरलता तो प्रदान करने और रोजगार, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने में बहुत सहायक होगी। सरकार ऐसे समय में जब उद्योग सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब इसक योजना को बढ़ाया यह दशार्ता है कि सरकार एमएसएमई क्षेत्र पर नजर बनाए हुए है और उनकी परेशानियों को कम करने के लिए काम कर रही है।

**मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, ऑटो कंपोनेंट्स, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग को मिलेगा लाभ** - महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एग्री के अध्यक्ष ललित गांधी ने बताया कि सरकार ने एमएसमसई क्षेत्र के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को बढ़ाने का फैसला उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला साबित होगा। विशेष रूप से मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, ऑटो कंपोनेंट्स, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री, फार्मा, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स सहित स्टार्टअप्स और सेवा क्षेत्र को इससे बड़ा लाभ मिलेगा।

**छोटे उद्योग को मिले इसका फायदा-** भारत मर्चेंट्स चैंबर के अध्यक्ष मनोज जालान, कहते हैं सरकार द्वारा लिया गया यह फैसला का हम स्वागत करते हैं। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है इससे उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह होगी कि इसका फायदा छोटे उद्योग को मिले, न कि बड़े कारोबारियों को। कई उद्यमियों को व्यवहारिक स्तर पर अब भी प्रॉपर्टी मॉर्गेज, अतिरिक्त गारंटर एवं अत्यधिक दस्तावेजी शर्तों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ उद्योगों तक नहीं पहुंच पाता।

### बैंकों को स्पष्ट निर्देश की जरूरी

गांधी कहते हैं, वैश्विक भू-राजनीतिक और व्यापारिक अनिश्चतता के समय सरकार का यह फैसला उद्योग के लिए नई ऊर्जा और विश्वास पैदा करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल योजना की सीमा बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा। वास्तविकता यह है कि अधिकतर बैंक आज भी 5 करोड़ रुपये के ऋण भारी कोलेटरल बिना मंजूर करने में काफी हिचकिचाहट दिखाते हैं, जबकि सीजीटीएमएसई जैसी गारंटी योजना पहले से ही मौजूद हैं। इसलिए बैंकों को गारंटी वाले ऋणों में अनावश्यक कोलेटरल मांगने पर नियंत्रण हो, बैंक अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और एमएसएमई ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और उद्योग अनुकूल बनाया जाए। यदि यह सभी फैसले प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया गया तो देश के एमएसएमई क्षेत्र को नई गति देने के साथ मेक इन इंडिया, निर्यात में वृद्धि, रोजगार निर्मा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### क्रेडिट लाइन गारंटी योजना 5.0 से संभावित रूप से लगभग 1.1 करोड़ एमएसएमई खातों को लाभ

- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने हाल ही में रिपोर्ट जारी कर बताया कि हाल ही में स्वीकृत आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना 5.0 से संभावित रूप से लगभग 1.1 करोड़ एमएसएमई खातों को लाभ हो सकता है, जिससे व्यवसायों को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से पैदा होने वाली रुकावटों से उबरने में मदद मिलेगी।
- रिपोर्ट के अनुसार पात्र उधारकर्ता वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में उपयोग की गई अधिकतम कार्यशील पूंजी के 20 प्रतिशत तक का अतिरिक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा 100 करोड़ रुपये है। वहीं एयरलाइंस के लिए यह सहायता 100 प्रतिशत तक हो सकती है, जिसमें प्रति उधारकर्ता 1,500 करोड़ रुपये से अधिकतम सीमा है। सरकार ने ईसीएलजीएस 5.0 के तहत कुल 2.55 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त ऋण प्रवाह का लक्ष्य रखा है, जिसमें विमानन क्षेत्र 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, कि समय पर किया गया हस्तक्षेप तरलता सहायता सुनिश्चित करेगा, नौकरियों की रक्षा के साथ आपूर्ति श्रृंखलाओं को बनाए रखेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को मजबूत करेगा।
- रिपोर्ट अनुसार वित्त वर्ष 2026 में एमएसएमई ऋण मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। जिसमें अनुमान लगाया गया है कि एमएसमपई ऋण लगभग 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे कुल बैंक ऋण में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। वहीं, यह योजना इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर तनाव को रोकने के लिए मदद तो मिलेगी। पिछली ईसीएलजीएस योजना में कम से कम 13.5 लाख एमएसएमई खातों को गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) की स्थिति में जाने से बचाया गया था।

## बैंकों को कैपिटल नियमों में दी बड़ी राहत

# यस बैंक और हिंदुजा फाइनेंस पर जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यस बैंक और हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस पर जुर्माना लगाया है, साथ ही बैंकों के पूंजी पर्याप्तता नियमों में बड़ी ढील दी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकिंग सेक्टर के लिए दो अहम फैसले लिए हैं। एक तरफ जहां नियामक ने नियमों की अनदेखी करने पर यस बैंक और हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस पर जुर्माना लगाया है, वहीं दूसरी तरफ बैंकों को अपनी पूंजी पर्याप्तता की गणना में चालू वर्ष के तिमाही मुनाफे को शामिल करने के नियमों में बड़ी ढील दी है। ये दोनों कदम भारतीय बैंकिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुचारू बनाने की दिशा में अहम माने जा रहे हैं।

**कैपिटल गणना नियमों में बैंकों को मिली राहत-** जुर्माने की कार्रवाई के अलावा, आरबीआई ने बैंकिंग क्षेत्र को एक बड़ी राहत देते हुए कैपिटल एडिक्वेसी गणना नियमों को आसान कर दिया है। नियामक ने बैंकों को अपने चालू वर्ष के मुनाफे को तिमाही आधार पर कॉमन इक्विटी टियर 1 पूंजी में शामिल करने की अनुमति दी है। पहले इस गणना के लिए गैर-निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) से जुड़ी एक अतिरिक्त योग्यता शर्त लागू थी, जिसे अब हटा दिया गया है।

**इस नए नियम के तहत निम्नलिखित बदलाव किए गए हैं:**

**मुनाफे का तिमाही इस्तेमाल:** बैंक अब कुछ शर्तों और निर्धारित फॉर्मूले के आधार पर जोखिम-भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) की गणना के लिए चालू वित्त वर्ष के मुनाफे का इस्तेमाल तिमाही आधार पर कर सकते हैं।

**ऑडिट की अनिवार्यता:** इस छूट का लाभ उठाने के लिए बैंकों को तिमाही आधार पर अपने वित्तीय विवरणों का ऑडिट या सीमित समीक्षा कराना आवश्यक होगा।

**सभी बैंकों पर लागू:** ये नए निर्देश केवल वाणिज्यिक बैंकों के लिए ही नहीं, बल्कि लघु वित्त बैंकों और भुगतान बैंकों पर भी समान रूप से लागू होंगे।

ज्ञात हो कि इससे पहले अप्रैल में आरबीआई ने इस मसौदे पर हितधारकों से प्रतिक्रिया मांगी थी। हितधारकों ने सुझाव दिया था कि तिमाही समीक्षा के साथ वार्षिक सीईटी1 अकाउंटिंग को बनाए रखना अधिक विवेकपूर्ण होगा, लेकिन केंद्रीय बैंक ने इस सुझाव को स्वीकार नहीं किया और नए नियमों को लागू कर दिया।

### यस बैंक और हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस पर सख्त कार्रवाई

आरबीआई ने शुक्रवार को जानकारी दी कि यस बैंक पर 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) से जुड़े कुछ प्रावधानों का पालन न करने के कारण 31.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यस बैंक ग्राहकों के साथ खाता-आधारित संबंध स्थापित करने के लिए सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री द्वारा दिए गए 'केवाईसी आइडेंटिफायर' का उपयोग करने के लिए एक उचित प्रणाली स्थापित करने में विफल रहा था। यह दंडात्मक कार्रवाई 31 मार्च, 2025 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में आरबीआई द्वारा किए गए वैधानिक निरीक्षण के आधार पर की गई है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य बयान में नियामक ने 'गवर्नेंस' (प्रशासन) से संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के लिए हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर भी 1.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

## एसबीआईः मुनाफा 6 फीसदी बढ़ा

# फिर भी 7% टूटा शेयर बाजार की उम्मीदें धराशायी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एसबीआई का मुनाफा बढ़ने के बावजूद बाजार की उम्मीदों से कम रहने के कारण शेयर 7 फीसदी तक गिर गया, जिससे पूरा बैंकिंग सेक्टर दबाव में आ गया। अगले सप्ताह महंगाई दर और वैश्विक तनाव बाजार की चाल तय करेंगे। शेयर बाजार में शुक्रवार को सबसे बड़ा झटका देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने दिया। बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा बढ़ाया, लाभांश भी घोषित किया, लेकिन शुक्रवार को शेयर करीब 7 फीसदी तक टूट गया। वजह साफ थी। नतीजे अच्छे थे, लेकिन बाजार की उम्मीद से कमजोर थे। मार्च तिमाही में एसबीआई का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 5.6 फीसदी बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि बाजार को 20,300 करोड़ से ज्यादा के लाभ की उम्मीद थी। बैंक ने 17.35 रुपये प्रति शेयर लाभांश भी घोषित किया। शुद्ध ब्याज आय चार फीसदी बढ़कर 44,380 करोड़ रही, लेकिन निवेशकों की नजर कमजोर ट्रेजरी इनकम और उम्मीद से कम ऑपरेटिंग प्रदर्शन पर अटक गई। इसलिए, मुनाफे के बावजूद शेयर में तेज बिकवाली हुई।

**सरकारी बैंकिंग क्षेत्र का बिगाड़ दिया मूड-** एसबीआई की गिरावट ने सरकारी बैंकिंग क्षेत्र का मूड बिगाड़ दिया। निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 3.06 फीसदी गिरकर 8,371.95 पर बंद हुआ। इंडेक्स में एसबीआई 6.66 फीसदी, पंजाब एंड सिंध बैंक 3.65 फीसदी और बैंक ऑफ बड़ौदा 2.39 फीसदी टूटे। बैंक निफ्टी और वित्तीय शेयरों पर भी दबाव दिखा।

**अगले सप्ताह इन पर रहेगी बाजार की नजर-** बाजार की नजर अगले हफ्ते के ट्रिगर्स पर होगी। अप्रैल की खुदरा-थोक महंगाई के आंकड़े, एमएससीआई इंडेक्स रीबैलेंसिंग एवं सिप्ला, भारती एयरटेल, जेएसडब्ल्यू स्टील और पावरग्रिड जैसी बड़ी कंपनियों के नतीजे बाजार की दिशा तय करेंगे। ईरान-अमेरिका तनाव और कच्चे तेल पर भी नजर रहेगी। निवेशकों के लिए संकेत साफ है कि बाजार में दुविधा है।

## विजय आज तमिलनाडु सीएम की शपथ लेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तमिलागा वेत्री कझगम चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री होंगे। विजय आज सुबह 10 बजे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में राज्य के 9वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शपथ ग्रहण में शामिल होंगे।

विजय ने शनिवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को ळश्ङ, कांग्रेस, उढक्, उढट, श्उङ और क्वटछ के 121 विधायकों के समर्थन पत्र सौंपे। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया।

विजय की दो साल पुरानी पार्टी TVK ने अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में 234 में 108 सीटें जीतकर बड़ा रिकॉर्ड बनाया। सहयोगी दलों के समर्थन के बाद विजय के पास 121 विधायकों का समर्थन है, जबकि बहुमत का आंकड़ा 118 है।

तमिलनाडु में 1967 के बाद यानी करीब 60 साल बाद गैर-द्रविड़ दल का मुख्यमंत्री होगा। इससे पहले 1963-1967 तक कांग्रेस सरकार में एम भक्तवत्सलम मुख्यमंत्री थे।

विजय के फैंस संगठन का नाम विजय मक्कल यक्कम (VMI) है। फरवरी 2024 में जब विजय ने पार्टी की घोषणा की, तो श्टक के जिला स्तर के पदाधिकारी ही टीवीके के पदाधिकारी बने। उन्होंने ही 2026 के चुनावों में पार्टी की कमान संभाली।

विजय के छोटे-छोटे 85 हजार फैंस क्लब थे। इसे 2009 में मिलाकर विजय मक्कल यक्कम। तमिलनाडु के विक्रविंडी में पहली रैली की। फैन क्लब ने 8 लाख लोगों की भीड़ जुटाई।

तमिल सिनेमा में 'रसिगर मंद्रम' यानी फैन क्लब्स का कॉन्सेप्ट 1960 के दशक से ही खूब पॉपुलर रहा है। भारत के पहले एक्टर मुख्यमंत्री, तमिलनाडु के पॉलिटिकल आइकॉन मरुथुर गोपालन रामचंद्रन अपने फैन क्लब्स को पॉलिटिकल सपोर्ट में बदलकर ही शिखर पर पहुंचे थे। चिरंजीवी ने अपने फैन क्लब्स को ही अपनी राजनीतिक पार्टी प्रजा राज्यम पार्टी में बदला था। इसी फॉमूर्ले पर पवन कल्याण ने अपने फैन क्लब्स के आधार पर जन सेना पार्टी बनाई और आज आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री हैं। तमिल सिनेमा में MGR और जयललिता के बाद सुपरस्टार विजयकांत ही कुछ हद तक इस फॉमूर्ले को पॉलिटिकल पावर बनाने में कामयाब हुए थे।

### पाक ने गुजरात से कश्मीर तक 900 ड्रोन दागे थे

# ऑपरेशन सिंदूर में सब तबाह; पाक-चीन-तुर्किये तिकड़ी के 4 मंसूबे सेना ने चौपट किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने पर भारतीय सैन्य बलों की समीक्षा में कई अहम खुलासे हुए हैं। पाकिस्तान, चीन और तुर्किये की तिकड़ी ने चार मंसूबों से 7 और 8 मई की रात को 900 ड्रोन दागे थे। कश्मीर में LOC से लेकर गुजरात में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कुछ घंटों में स्वॉर्म ड्रोन दागे गए थे।

पाक के स्वॉर्म ड्रोन को भारतीय वायुसेना के एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम ने तबाह कर दिया। पाकिस्तान भारत के एक भी अहम सैन्य बेस को नुकसान पहुंचाने में सफल नहीं हो पाया।

पाकिस्तान ने यूक्रेन-रूस युद्ध में इस्तेमाल किए गए स्वॉर्म ड्रोन अटैक को कॉपी किया था। बता दें कि यह रणनीति अक्सर नाटो देशों की तरफ से एडवांस वॉर में अपनाई जाती है।



### भारतीय एयर डिफेंस को सस्ते ड्रोन से परेशान करना

भारत की एयर डिफेंस क्षमता को सस्ते ड्रोन मार गिराने में एग्जॉस्ट करना था। नए आकलन के अनुसार पाक को सस्ते ड्रोन उपलब्ध कराने में तुर्किये का पूरा योगदान था।

### ड्रोन हमलों से भारत पर महंगे युद्ध का भार थोपना

पाक, चीन व तुर्किये सस्ते एरियल हमलों से भारत पर बेहद महंगा आर्थिक युद्ध थोपने की फिराक में था। 30 से 50 हजार रुपए कीमत के ड्रोन दागकर भारत को आत्मरक्षा में ढाई करोड़ या फिर अधिक कीमत वाली मिसाइलें चलाने का मजबूर करना था।

**रडार और अन्य टोही नेटवर्क में घुसपैठ करना:** भारत के रडार एवं अन्य सर्विलांस नेटवर्क को एक्सपोज करने के लिए मजबूर करना था। पाकिस्तान सिर्फ भारतीय कार्रवाई का जवाब देने के बजाय नेटवर्क वारफेयर की तैयारी कर चुका था। इसके लिए पाक को चीन ने अपना सर्विलांस सिस्टम बायडू भी दिया था।

### एरियल सर्विलांस में कमियों को उजागर करना

भारतीय एरियल सर्विलांस और डिफेंस में गैप और कर्मियों को उजागर करना था। लेकिन भारतीय वायु सेना के एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आईएसीसीएस) की सफलता भी सामने आई है। सैन्य समीक्षा के अनुसार आईएसीसीएस से नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर की क्षमता साबित हुई।

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने गुरुवार को कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। यह अभियान अंत नहीं, बल्कि शुरूआत थी। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहेगा। जयपुर में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है।

### ऐसे सिलेक्ट हुआ था ऑपरेशन सिंदूर का नाम और लोगो

8 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब सेना के अधिकारियों जानकारी देने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी, तब बताया था कि ऑपरेशन के लिए 5 नाम तय हुए थे। सबसे आखिर में 2 नाम ऑपरेशन मंगलसूत्र और सिंदूर चुना गया। पहलगाम आतंकी हमले में कई महिलाओं के सुहाग उजाड़े गए थे, इसलिए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को मंजूरी दी।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, गोलीबारी और आत्मघाती हमला भी हो सकता

इंटेलिजेंस एजेंसियों ने दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी ढळक ने सूत्रों के आधार पर यह जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक, भाजपा मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

एजेंसियों को शक है कि दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कार्यालयों को आत्मघाती हमलों, कार ब्लास्ट, गोलीबारी या क्ष्ऊके जरिए निशाना बनाया जा सकता है। किसी भी खतरे को टालने के लिए सुरक्षा बलों ने निगरानी और एहतियाती कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त जवानों की तैनाती, चेकिंग और सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बैरिकेडिंग और वाहनों की रैंडम चेकिंग के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए आपसी तालमेल से काम कर रही हैं। बम निरोधक दस्तों, स्निफर डॉग यूनिट्स और क्विक रिएक्शन टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दिल्ली फायर सर्विस को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस को संवेदनशील इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों, लावारिस वस्तुओं और खड़े वाहनों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है। दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर शाम 6.52 बजे आतंकी हमला हुआ था। आतंकवादी ने चलती कार में धमका किया था। इस धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस धमाके के तार टेरर मॉड्यूल से जुड़े थे। जिसका खुलासा जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 1 दिन पहले हरियाणा से किया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे।


### मध्य प्रदेश समेत 4 राज्यों में बारिश:बिहार में ओले गिरे

# राजस्थान में आंधी से एक शख्स की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में शनिवार को बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और राजस्थान के कुछ इलाकों में बारिश हुई। वहीं गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान में तेज गर्मी होने लगी है।

बिहार में पिछले 10 दिनों से तेज आंधी और बारिश का दौर जारी है। शनिवार को नालंदा और शेखपुरा में ओले भी गिरे। पटना जिले में 600 से ज्यादा पेड़ गिर गए। 50 से ज्यादा गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। मध्य प्रदेश के 22 जिलों में बारिश हुई और सिवनी में ओले गिरे। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर कमजोर पड़ने के साथ ही गर्मी तेज होने लगी है। देश में सबसे ज्यादा गर्म बाड़मेर रहा। यहां तापमान 45.7त्उ और जैसलमेर में 45त्उ रहा। मौसम विभाग ने बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। गुजरात के राजकोट में पारा 43.7त्उ रहा। वहीं शनिवार को नागौर, अजमेर, टोंक और सवाई माधोपुर में आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। बूंदी में अंधड़ के दौरान टिनशेड समेत उड़े व्यक्ति की मोबाइल टावर से टकराने के बाद मौत हो गई।






**11 मई:** मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी और राजस्थान में तापमान बढ़ने से गर्मी होगी है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश के साथ बिजली गिरने का खतरा है।

**12 मई-** पठानकोट, रूपनगर और एसएएस नगर (मोहाली) में अलग-अलग स्थानों पर आंधी चलने और बिजली गिरने की संभावना है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान है। दक्षिण और मध्य बिहार में आंधी-बारिश की संभावना।

## अहमदाबाद के परिवार का लंदन भेजने के नाम पर अपहरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद में रहने वाले एक परिवार अवैध तरीके से लंदन जाने नाम पर एजेंटों के जाल में फंस गया। पति, पत्नी और उनके दो बेटे 20 अप्रैल को घर से निकले थे, लेकिन दुबई पहुंचने के बाद उनका परिवार से संपर्क टूट गया।

परिजन का आरोप है कि एजेंट ने चारों को बंधक बना लिया है और उन्हें छोड़ने के बदले 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी जा रही है। आरोपियों ने परिवार को डराने के लिए एक बेटे की खून से लथपथ तस्वीर भी भेजी है। साथ ही महिला का एक ऑडियो क्लिप भी भेजा, जिसमें वह रोते हुए पैसे देने की गुहार लगा रही है। आशंका जताई जा रही है कि परिवार को केन्या या इथियोपिया के किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखा गया है।

जानकारी के मुताबिक गोमतीपुर इलाके के रहने वाले परिवार ने अवैध रूप से लंदन जाने के लिए एजेंट से संपर्क किया था। एजेंट ने प्रति व्यक्ति 25 लाख रुपए का सौदा तय किया था। कुल 1 करोड़ रुपए का पैकेज बनाया गया था। तय हुआ था कि लंदन पहुंचने के बाद पैसे दिए जाएंगे। 20 अप्रैल को एजेंट परिवार को पहले दिल्ली ले गया। वहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें श्रीलंका भेजा गया और फिर दुबई पहुंचाया गया। दुबई तक परिवार लगातार संपर्क में था, लेकिन उसके बाद अचानक सभी के फोन बंद हो गए। परिवार के लोगों ने बताया कि दुबई के बाद एक विदेशी नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बाबा खान बताया और डेढ़ करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। बाद में रकम घटाकर 1 करोड़ और फिर 70 लाख रुपए तक लाने की बात कही गई।

### अमेरिका ने वेनेजुएला से हाईली एनरिच्ड यूरेनियम निकाला

# 13.5 किलो न्यूक्लियर मटेरियल वॉशिंगटन लाया गया, 34 साल से बंद रिएक्टर में रखा था




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने वेनेजुएला से 13.5 किलो हाईली एनरिच्ड यूरेनियम हटाया है। यह यूरेनियम कई साल से वहां के एक पुराने रिसर्च रिएक्टर में रखा था। अमेरिका ने शुक्रवार को बताया कि यूरेनियम को कराकास के पास मौजूद साइट से हटाया गया और फिर सुरक्षित तरीके से अमेरिका भेजा गया।

यह ऑपरेशन अमेरिका, वेनेजुएला, ब्रिटेन और क्अएअ ने मिलकर किया। वर डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी के मुताबिक यूरेनियम को जमीन और समुद्र के रास्ते अमेरिका पहुंचाया गया। इसे अब साउथ कैरोलाइना के सवाना रिवर परमाणु साइट में प्रोसेस किया जाएगा।

अमेरिकी एजेंसी नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि यह ऑपरेशन दक्षिण अमेरिका और वर की सुरक्षा के लिए अहम है। एजेंसी के मुताबिक वेनेजुएला का फ्श-1 रिसर्च रिएक्टर कई दशक तक न्यूक्लियर रिसर्च के लिए इस्तेमाल होता था। 1991 में रिसर्च बंद होने के बाद भी वहां हाईली एनरिच्ड यूरेनियम रखा रहा।

### अमेरिका ने 6 हफ्ते से कम समय में मिशन को अंजाम दिया

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह काम छह हफ्तों से भी कम समय में पूरा हुआ। यूरेनियम को खास कंटेनर में पैक किया गया। इसके बाद करीब 100 मील सड़क के रास्ते बंदरगाह तक ले जाया गया। वहां से ब्रिटेन की न्यूक्लियर ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशंस कंपनी के जहाज से अमेरिका भेजा गया।

डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. मैट नेपोली भी इस मिशन की निगरानी के लिए वेनेजुएला पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि टीम के अनुभव की वजह से यह ऑपरेशन सफल रहा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (क्अएअ) ने भी ऑपरेशन की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि यह जटिल और संवेदनशील ऑपरेशन था। 1996 से अब तक एजेंसी दुनिया के कई देशों से 7,350 किलो से ज्यादा हाईली एनरिच्ड यूरेनियम और प्लूटोनियम हटाने या सुरक्षित करने का काम कर चुकी है।

रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन लंबे समय से ईरान के पास मौजूद हाईली एनरिच्ड यूरेनियम को लेकर दबाव बना रहा है। ईरान के पास ऐसा करीब 408 किलो यूरेनियम बताया जाता है। हालांकि, अमेरिका अब तक उसे हटाने में सफल नहीं हुआ है। अमेरिका और वेनेजुएला के रिश्तों में भी बदलाव देखने को मिला है। हाल के महीनों में उक्अ डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ समेत कई अमेरिकी अधिकारी वेनेजुएला पहुंचे। सात साल बाद दोनों देशों के बीच कमर्शियल फ्लाइट भी शुरू हुई है। अमेरिकी दूतावास भी फिर से खोला गया है। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देशों में शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका अब वहां ऊर्जा और खनन सेक्टर में कारोबार बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, कुछ लोकतंत्र समर्थक समूह ट्रम्प प्रशासन की इस नीति की आलोचना भी कर रहे हैं।

## यूरेनियम का इस्तेमाल

**3-5% तक एनरिच्ड यूरेनियम**

इसका इस्तेमाल बिजली बनाने वाले न्यूक्लियर पावर प्लांट में होता है।

**20% तक एनरिच्ड यूरेनियम**

इसे हाई लेवल माना जाता है, लेकिन इससे हथियार नहीं बनता।

**60% तक एनरिच्ड यूरेनियम**

यह बहुत ज्यादा शुद्ध होता है और इसे 'नियर वेपन ग्रेड' कहा जाता है। यानी अब यह बम बनाने के काफी करीब पहुंच चुका है।

**90% या ज्यादा**

इसे 'वेपन ग्रेड' कहते हैं, यानी इससे परमाणु बम बनाया जा सकता है।

### अमेरिका ने राष्ट्रपति मादुरो को गिरफ्तार किया था

अमेरिका ने जनवरी 2026 में वेनेजुएला में बड़ा सैन्य ऑपरेशन चलाया। अमेरिकी सेना ने राजधानी कराकस में कार्रवाई करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया। अमेरिका ने उन पर ड्रग तस्करी और आतंक से जुड़े आरोप लगाए। इस ऑपरेशन के बाद वेनेजुएला में राजनीतिक संकट शुरू हो गया। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया। अमेरिका ने नई सरकार का समर्थन किया और तेल कारोबार समेत कई आर्थिक प्रतिबंधों में ढील दी। हालांकि रूस, चीन और कई देशों ने अमेरिकी कार्रवाई का विरोध किया। इसके बाद अमेरिका और वेनेजुएला के रिश्तों में बदलाव आया। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संपर्क बढ़े और आर्थिक सहयोग शुरू हुआ।




# ईरान की चेतावनी- यूएस ठिकाने और जहाज निशाने पर

## अमेरिका को 14-पॉइंट के प्रस्ताव पर जवाब का इंतजार, ईरान बोला- समय से फैसला लेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। नौसेना कमांड ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अगर फारस की खाड़ी या होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर फिर हमला हुआ, तो अमेरिकी ठिकानों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला किया जाएगा।

इसके बाद एयरोस्पेस फोर्स ने अलग पोस्ट में दावा किया कि हमारी मिसाइलें और ड्रोन पहले ही अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर लॉक हो चुके हैं और अब सिर्फ हमला करने के आदेश का इंतजार है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने 14 पॉइंट वाला ड्राफ्ट तैयार किया है, जिस पर ईरान के जवाब का इंतजार है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने पहले पत्रकारों से बाद करते हुए कहा था कि शनिवार सुबह





(भारतीय समयानुसार) तक जवाब मिलने की उम्मीद है। हालांकि, ईरान का जवाब अब तक नहीं आया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा है कि अमेरिकी प्रस्ताव अभी समीक्षा के दौर में है और सही समय पर इसका जवाब दिया जाएगा। हम अमेरिका की समय सीमा नहीं मानते। ईरान अपना काम अपने तरीके से करेगा। अमेरिका-ईरान में फिर बातचीत की तैयारीः अगले हफ्ते इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच नई वार्ता हो सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 14 पॉइंट वाला ड्राफ्ट दिया है। ईरान ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने फिर दखल दिया तो जंग दोबारा शुरू हो सकती है। वहीं अमेरिका ने दावा किया कि उसने 70 से ज्यादा जहाजों को ईरानी बंदरगाहों तक पहुंचने से रोका।

लेबनान में इजराइली हमले तेजः दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हवाई और ड्रोन हमलों में एक दिन में 39 लोगों की मौत हुई। कई रिहायशी इमारतें निशाना बनीं और हिजबुल्लाह ने भी इजराइल पर ड्रोन व रॉकेट हमलों का दावा किया।

### होर्मुज संकट से तेल महंगा

तनाव बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। वठ और एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी कि इससे खाद्य पदार्थ, ईंधन और आयातित सामान महंगे हो सकते हैं, खासकर दक्षिण एशिया में। अमेरिका की मध्यस्थता में 14-15 मई को इजराइल और लेबनान के बीच नई बातचीत होगी। इसमें सीमा विवाद, पुनर्निर्माण और हिजबुल्लाह के हथियारों जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। समुद्री कर्मचारियों से जुड़ी कई संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि खाड़ी क्षेत्र में दो महीने से ज्यादा समय से फंसे करीब 20 हजार से ज्यादा नाविक भारी मानसिक तनाव और अकेलेपन का सामना कर रहे हैं। जारी संघर्ष के कारण जहाजों के कप्तान, रसोइए, इंजीनियर और दूसरे कर्मचारी न सिर्फ फंस गए हैं, बल्कि कई बार सीधे हमलों के खतरे में भी आ गए हैं। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के मुताबिक, अब तक कम से कम 11 नाविकों की मौत हो चुकी है।

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| 14 | | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 19 | 20 |
| | ■ | 21 | 22 | | 23 | 24 | ■ | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार

**ऊपर से नीचे**
1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-5
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | ब | ■ | ट | म | ट | म |
| व | ■ | ■ | द | स्त | क | ■ | ■ | हा |
| र | ■ | न | सी | ■ | ला | श | ■ | ज |
| ख | ल | न | य | क | ■ | व | त | र |
| ■ | ल | ■ | त | ■ | ना | ■ | रि | ■ |
| म | ना | ही | ■ | ह | क | ब | का | न |
| हा | ■ | न | क | ■ | क | ल | ■ | चि |
| व | ■ | ■ | म | प | ट | ■ | ■ | का |
| त | व | या | र | ■ | ना | ह | क | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | र्व | ध | न | ड़ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हे | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | ह्य | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | ठे | शि | श | रा | क |
| च | र | ट | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| शं | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | थिं | त्रि |
| व | रा | व | ल | ध | ड़ | क | पा | र्का | ज | दू |
| ग | ण | गौ | र | जी | ल | ड्डी | व | गो | र | ट |
| र | ल | प | चा | जैं | व | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | पे | श | च | तु | र्थी | व | श | त्रु | घ्न | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

सोनू मोनू आपस में बात कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।
000000000
टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!
000000000
संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कही नहीं...
बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।
000000000
पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।
00000000000
पति - आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर गिर गई थी और आंख लग गई थी।

## रंग भरकर चित्र बनाओ





# खुलासा- ऑपरेशन सिंदूर में चीन ने पाकिस्तान को मदद दी

# चीनी इंजीनियर ने माना- टेक्निकली तैयार किया; रियल टाइम इनपुट दिए

**चीन ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर माना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने पाकिस्तान को मदद दी थी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सरकारी मीडिया उउळ पर प्रसारित इंटरव्यू में चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के इंजीनियर झांग हेंग ने कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान में तकनीकी सहायता दे रही थी।**

**उन्होंने बताया कि उनका काम लड़ाकू विमानों और उनसे जुड़े सिस्टम को पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार रखना था। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स चीन में बने ख-10उए लड़ाकू विमान इस्तेमाल करती है। ये विमान अश्क्ष की सहायक कंपनी बनाती है। भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह जुलाई 2025 में दावा कर चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को महत्वपूर्ण सहायता दी थी।**




## पाकिस्तान ने चीन के बनाए फाइटर जेट इस्तेमाल किए

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने चीन में बने फाइटर जेट इस्तेमाल किए थे। इंजीनियर झांग हेंग ने बताया कि पाकिस्तान एयर फोर्स चीन के बनाए ख-10उए फाइटर जेट इस्तेमाल करती है। यह विमान चीन के ख-10उ मल्टीरोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का एक्सपोर्ट वर्जन है। इन विमानों को अश्क्ष की सहायक कंपनी बनाती है।**

झांग हेंग ने इंटरव्यू में कहा कि सपोर्ट बेस पर लगातार फाइटर जेट्स की आवाज और एयर रेड सायरन सुनाई देते थे। उन्होंने कहा, ह्लमई की सुबह में ही तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता था। यह मानसिक और शारीरिक रूप से बेहद कठिन स्थिति थी।ह्व भारत ने 7 मई 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। उस समय भारत ने आरोप लगाया था कि चीन पाकिस्तान को समर्थन दे रहा है। हालांकि उस वक्त चीन के विदेश मंत्रालय और सैन्य अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज या कमतर करके दिखाया था।



## पाकिस्तान को फाइटर जेट बेचने की तैयारी में चीन



हाल के दिनों में चीनी मीडिया में यह भी रिपोर्ट सामने आई है कि बीजिंग पाकिस्तान को अपना पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट J-35 बेचने पर विचार कर रहा है। एक्सपर्ट्स इसे चीन की रक्षा तकनीक के वैश्विक प्रचार अभियान से जोड़कर देख रहे हैं।

पाकिस्तान में मौजूद एक अन्य इंजीनियर शू दा ने J-10CE को बच्चे जैसा बताया। उन्होंने कहा, ह्लहमने इसे तैयार किया, इसकी देखभाल की और फिर यूजर को सौंप दिया। इसके बाद इसने बड़ा परीक्षण झेला।

शू दा ने कहा, J-10CE के प्रदर्शन ने हमें चौंकाया नहीं। यह अचानक नहीं हुआ। सही मौके का इंतजार था और मौका मिलते ही इसने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा हमने उम्मीद की थी।ह्व

J-10CE चीन के J-10CE फाइटर जेट का एक्सपोर्ट वर्जन है। इसमें अएरअ रडार और एडवांस एयर-टू-एयर मिसाइल सिस्टम लगे हैं। पाकिस्तान इस सीरीज का एकमात्र विदेशी ऑपरेटर माना जाता है। पाकिस्तान ने 2020 में 36 J-10CE फाइटर जेट और 250 PL-15 मिसाइल खरीदने का समझौता किया था। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक, 2021 से 2025 के बीच पाकिस्तान के करीब 80% हथियार आयात चीन से आए।

## चीन ने ऑपरेशन सिंदूर को लाइव लैब की तरह इस्तेमाल किया

भारत के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने जुलाई 2025 में FICCI के एक सेमिनार में कहा था कि चीन ने ऑपरेशन सिंदूर को लाइव लैब की तरह इस्तेमाल किया।

उनके मुताबिक, चीन ने अपने सैटेलाइट नेटवर्क के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों की निगरानी की और पाकिस्तान को रियल टाइम इनपुट दिए।

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने चीन की रणनीति की तुलना प्राचीन चीनी सैन्य सिद्धांत 36 रणनीतियों से की थी। उन्होंने कहा था कि चीन ने उधार के चाकू से हत्या वाली रणनीति अपनाई और पाकिस्तान को भारत पर दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल किया।

संघर्ष के दौरान चीन से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स और अधिकारियों ने पाकिस्तान के उन दावों को बढ़ावा दिया था, जिनमें भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही गई थी। हालांकि पाकिस्तान ने इन दावों के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया था। वहीं, पाकिस्तान को हुए नुकसान पर चीन के सरकारी मीडिया में ज्यादा चर्चा नहीं हुई। भारतीय सेना ने बताया था कि उसने पाकिस्तान के आतंकी मुख्यालयों, एयरबेस और चीनी मूल के रडार सिस्टम को निशाना बनाया था।



■ वर्ष-12 अंक-186 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 10 मई, 2026

## सुभाषितानि

अनालस्यं ब्रह्मचर्यं शीलं गुरुजनादरः।
स्वावलम्बः दृढाभ्यासः षडेते छात्र सद्गुणाः।।

**भावार्थ** : उदासीनता, ब्रह्मचर्य, विनय, शिक्षकों के प्रति सम्मान, आत्मनिर्भरता और दृढ़ अभ्यास ये एक छात्र के छह गुण हैं।

अथार्तुराणां न सुखं न निद्रा कामातुराणां न भयं न लज्जा।
विद्यातुराणां न सुखं न निद्रा क्षुधातुराणां न रुचि न बेला।।

**भावार्थ** : यानानूर को सुख और नींद नहीं आती; कामतुर को कोई डर और शर्म नहीं है। विद्यातुर के पास रुचि और समय की कोई भावना नहीं है और भूख से पीड़ित व्यक्ति को रुचि या समय की कोई भावना नहीं है।

## सम्पादकीयम्

### मालदा-घटनायाः

विषये बङ्गालस्य तापः; विधिव्यवस्था तथा संवैधानिकसंस्थानां कृते निर्वाचनं अग्निपरीक्षा भवति मालदा-घटना सर्वोच्चन्यायालयस्य कठोरनिरीक्षणैः सह मिलित्वा पश्चिमबङ्गनिर्वाचनात् पूर्वं कानूनव्यवस्थायाः, संवैधानिकसंस्थानां कार्यप्रणाली च विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। 'एसआईआर'-प्रक्रियायाः विषये जन-असन्तुष्टिः, प्रशासनिक-विफलता, मतदाता-सूचिकाभ्यः नाममनमाना-निष्कासन-सम्बद्धाः आरोपाः च वर्धमानं अविश्वास-भावं प्रेरितवन्तः। मालदा-घटना-तस्य विषये सर्वोच्चन्यायालयस्य तीक्ष्ण-टिप्पण्यानि च-सूचयन्ति यत् पश्चिमबङ्ग-विधानसभा-निर्वाचनं कानून-व्यवस्था-यन्त्राणां, संवैधानिक-संस्थानां च कृते महत्त्वपूर्णपरीक्षारूपेण विकसितम् अस्ति। एतासु तिथयः पूर्वं ये परिस्थितयः उद्भूताः, ते, कथमपि, लोकतान्त्रिक-प्रक्रियायाः सकारात्मकं संकेतं न गणयितुं शक्यन्ते। एसआईआर विषये असन्तुष्टिः। मालदा-नगरस्य कालियाचक-नगरे एकः जनसमूहः सप्त-न्यायिक-अधिकारिणः नवघण्टापर्यन्तं बन्धकरूपेण स्थापितवान्। घेराओ (नाकाबन्दी), निरन्तरविरोधः, मार्गनाकाबंदीः च सम्बद्धाः घटनाः स्पष्टतया दर्शयन्ति यत् विशेषसघनपुनरीक्षण प्रक्रियायाः विषये तृणमूलस्तरस्य जनानां मध्ये गहनः असन्तुष्टिः वर्तते। परन्तु मालदानगरे जनसमूहेन प्रदर्शितः क्रोधः नियमस्य सीमां लङ्घितवान्-एतत् कार्यं कस्यापि परिस्थितौ न्याय्यं कर्तुं न शक्यते। किमर्थं विशेषज्ञाः सर्वदा 'दीर्घकालं यावत् निवेशं कुर्वन्तु' इति वदन्ति।

#### सेबी इत्यस्य प्रमुखः निर्णयः बैकअप ट्रेडिंग् मञ्चः आईआरआरए विच्छेदः

## दृढप्रौद्योगिकीप्रणालीनां कारणेन अधुना आवश्यकता नास्ति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतीय-शेयर-बजार-नियामकेन-भारतस्य प्रतिभूति-विनिमय-मण्डलेन (सेबी)-इररा इति नाम्ना प्रसिद्धं बैकअप-व्यापार-मञ्चं तत्कालं प्रभावेण विच्छेदस्य निर्णयः कृतः, यत् मूलतः निवेशकानां दलालानां च हिताय प्रवर्तितम् आसीत् सेबी इत्यनेन उक्तं यत्, विगतकेषु वर्षेषु व्यापारव्यवस्थासु, साइबरसुरक्षासु, तकनीकीमूलसंरचनेषु च महत्त्वपूर्णसुधारस्य कारणात्, मञ्चः आवश्यकः न मन्यते एषः निर्णयः तस्मिन् समये आगतः यदा भारतीय-शेयर-बजारस्य तकनीकी-अन्तर्गत-संरचना पूर्वापेक्षया दूरतरं दृढतरं सुरक्षितं च मन्यते।

गुरुवासरे जारीकृते परिपत्रे सेबी इत्यनेन टिप्पणीकृतं यत् स्टॉक-एक्सचेंजैः नियामकं सूचितं यत् अक्टोबर २०२३ तमे वर्षे इरा-मञ्चस्य प्रारम्भात् एकमपि दलालस्य उपयोगः न कृतः। एतस्य प्रतिक्रियायाः आधारेण एक्सचेंजैः सर्वसम्मत्या मञ्चस्य विच्छेदस्य अनुशंसा कृता-एषा अनुशंसा अधुना सेबी-द्वारा अनुमोदिता अस्ति।

मञ्चः मूलतः २०२२ तमस्य वर्षस्य दिसम्बरमासे बैकअपसुविधारूपेण प्रारब्धः आसीत्। अस्य प्राथमिक उद्देश्यं एतत सुनिश्चितं कर्तुं आसीत् यत्, दलालस्य आधारभूतसंरचनायाः अन्तः तान्त्रिकदोषाणां सन्दर्भे-यथा प्रणालीदोषः अथवा सर्वरस्य विफलता-निवेशकाः वैकल्पिकव्यवस्थायाः माध्यमेन स्वव्यापारक्रियाकलापं निरन्तरं कर्तुं शक्नुवन्ति तस्मिन् समये विपण्य-अखण्डतायाः रक्षणाय, व्यापार-कार्यक्रमेषु निरन्तरता-निवार्हाय च एतत महत्त्वपूर्णं उपायं गण्यते स्म।

परन्तु सेबी इत्यस्य अवलोकनं भवति यत् विगतवर्षद्वये भारतीयव्यापारपारिस्थितिकीतन्त्रे तकनीकी-नियामक-स्तरयोः पर्याप्तं परिवर्तनं जातम् दलालाः अधुना पूर्वस्य तुलने महत्त्वपूर्णतया अधिकं दृढं व्यावसायिकनिरन्तरता तथा आपदापुनर्प्राप्ति तन्त्राणि परिनियोजयन्ति। फलतः, कस्यापि तकनीकीविघटनस्य सन्दर्भे ते निर्विघ्नतया स्वस्य बैकअप-प्रणालीं प्रति स्विच् कर्तुं शक्नुवन्ति तथा च व्यापारसेवानां निर्बाध-वितरणं सुनिश्चितं कर्तुं शक्नुवन्ति। नियामकेन अग्रे प्रकाशितं यत् साइबरसुरक्षामानकेषु लचीलापनरूपरेखासु च उल्लेखनीयवर्धनं कृतम् अस्ति। बाजारसुरक्षासञ्चालनकेन्द्रस्य स्थापनायाः अपि व्यापारमञ्चानां सुरक्षां परिचालनक्षमतां च महत्त्वपूर्णतया सुदृढं कर्तुं महत्त्वपूर्णा भूमिका अस्ति सेबी इत्यस्य मते अधुना विपण्यं तादृशैः प्रणालीभिः, सुरक्षाभिः च सुसज्जितम् अस्ति यत् आपत्कालस्य अथवा तान्त्रिक-आकस्मिकतायाः सम्मुखे अपि व्यापार-कार्यक्रमाः अप्रभाविताः एव तिष्ठन्ति इति सुनिश्चितं कुर्वन्ति सेबी इत्यनेन अवलोकितं यत् अधुना बहवः दलालाः स्वतन्त्रानां।

#### मझौली-प्रदेशात् मानवतायाः

## कम्पितवान् एकः गहनः विक्षोभजनकः भिडियो उद्भूत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मझौली-प्रदेशात् मानवतायाः अन्तःकरणं कम्पितवान् एकः गहनः विक्षोभजनकः भिडियो उद्भूतः, यस्मिन् वृद्धा महिला निर्दयतापूर्वकं कर्षिता दृश्यते। सामाजिकमाध्यममञ्चेषु वन्यजलाग्निवत् प्रसारितस्य एषः भिडियो प्रशासनिकवृत्तेषु कोलाहलं जनयति। वायरल्-दृश्येषु स्पष्टतया एकः असहायः वृद्धः महिला अमानवीयरूपेण भूमौ कर्षितः दृश्यते-एतत् दृश्यं स्थानीयनिवासिनां मध्ये विशालः आक्रोशं जनयति।

अस्य संवेदनशीलस्य विषयस्य संज्ञानं गृहीत्वा जबलपुरस्य अतिरिक्तसपा सूर्यकान्तशर्मा इत्यनेन मीडियाभ्यः सूचितं यत् यस्मिन् क्षणे एषा घटना पुलिसस्य समीपम् आगता तस्मिन् क्षणे शीघ्रं कार्यवाही आरब्धा। प्रारम्भिकजागृतेः आधारेण पुलिसैः अभियुक्तपक्षस्य विरुद्धं कानूनस्य विभिन्नधाराणाम् अन्तर्गतं प्राथमिकीपत्रं कृतम् अस्ति, सम्प्रति च अस्य विषयस्य सूक्ष्मविस्तारेण अन्वेषणं क्रियते। अतिरिक्तसपा स्पष्टं कृतवान् यत् यः कोऽपि कानूनम् स्वहस्ते गृह्णाति वा कस्यचित् असहायव्यक्तिं प्रति अनुचितं व्यवहारं करोति सः न मुक्तः भविष्यति।

अपरपक्षे पूजा नामदेवः-अस्य सम्पूर्णविवादस्य केन्द्रे स्थिता महिला-वीडियोस्य वायरल्-प्रसारस्य अनन्तरं कथायाः स्वपक्षं प्रस्तावितवती अस्ति। सामाजिकमाध्यमेषु यत् दृश्यते तत् समग्रसत्यस्य प्रतिनिधित्वं न करोति इति पूजा नामदेवः दावान् करोति। सा आह यत् वृद्धायाः सहसा चक्करः जातः, येन सा भूमौ पतिता। पूजायाः मते सा केवलं वृद्धायाः साहाय्यं कर्तुं प्रयतमाना आसीत्, तस्याः किञ्चित् जलं दातुं च प्रयतमाना आसीत्। सा वृद्धां क्षतिं वा अपमानं वा कर्तुं किमपि अभिप्रायेन कर्षति इति स्पष्टतया अङ्गीकृतवती अस्ति।

## इदानीं प्रश्नाः उत्पद्यन्ते यत् सम्बन्धित-अधिकारिणः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

तस्य परिणामेण कार्याणि कष्टानि सन्ति इति पत्रे इञ्जिनस्य प्रतिस्थापनस्य, तान्त्रिकमरम्मतस्य च आवश्यकता अपि प्रकाशिता। एतस्य संचारस्य अभावेऽपि क्रूज्-यानं निरन्तरं प्रचलति स्म। इदानीं प्रश्नाः उत्पद्यन्ते यत् सम्बन्धित-अधिकारिणः पूर्वमेव तान्त्रिकदोषाणां विषये अवगताः आसन् इति दृष्ट्वा विषयं गम्भीरतापूर्वकं किमर्थं न गृहीतवन्तः इति। अन्वेषणेन क्रूजस्य बीमानीतिसम्बद्धाः अपि अनेकाः विसंगतयः प्रकाशिताः सन्ति। उपलब्धसूचनानुसारं यद्यपि प्रीमियमस्य भुक्तिः समये एव अभवत् तथापि नीतिः एव अशुद्धरूपेण निर्गतवती। फलतः दुर्घटनायाः अनन्तरं बीमादावानां प्रक्रियां दायित्वनिर्धारणं च विषये नूतनः विवादः उत्पन्नः अस्ति सूत्रानुसारं नीतिदस्तावेजानां अन्तः प्राप्तानां तान्त्रिकदोषाणां कारणात् अधुना बीमाकम्पनी सम्पूर्णविषये स्वकीयं स्वतन्त्रं अन्वेषणं कुर्वती अस्ति। दुर्घटनायाः अनन्तरं प्रशासनेन।

## राशिफल

**मेष** : रिश्तों में गुस्से से बचना जरूरी है। पैसों के मामले में सोच-समझकर खर्च करें। सेहत में थकान महसूस हो सकती है।

**वृषभ** : बिजनेस में जल्दबाजी नुकसान करा सकती है। फालतू खर्च बढ़ सकता है। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन आराम जरूर करें।

**मिथुन** : बिजनेस में पार्टनरशिप वाले मामलों में सावधानी रखें। रात तक तनाव थोड़ा कम होगा।

**कर्क** : पैसों के मामलों में सावधानी जरूरी है। खर्च को लेकर थोड़ा संभलकर चलना ठीक रहेगा।

**सिंह** : खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट देखकर चलें। शरीर में थकान रह सकती है। सूर्य को जल दें।

**कन्या** : रिश्तों में दूरी महसूस हो तो बातचीत बंद न करें। ज्यादा तनाव लेने से बचें। आराम की जरूरत रहेगी।

**तुला** : बाहर का खाना कम खाएं, नहीं तो पेट संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। घर का माहौल ठीक रहेगा।

**वृश्चिक** : पैसों के मामले में दिन ठीक रहेगा, लेकिन उधार देने से बचें। शरीर में थकान रह सकती है।

**धनु** : निवेश करने से पहले पूरी जानकारी लेना जरूरी रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। सेहत में सुधार के संकेत हैं।

**मकर** : नींद पूरी न होने से सिर में दर्द हो सकता है। यह रिश्ते में झलकेगा। ऑफिस से जुड़े मामलों को संभालते समय शांत रहें।

**कुंभ** : खाने-पीने में लापरवाही न करें। छोटी यात्रा भी हो सकती है। काम और रिश्ते दोनों ठीक चलेंगे।

**मीन** : खर्चों को लेकर सावधानी रखें। नींद कम होने से परेशानी महसूस हो सकती है। अच्छी कमाई हो सकती है।

### ज्योतिष/वास्तु

## मंगल का मेष राशि में गोचर और विपरीत राजयोग, इन राशियों के लिए आएंगे अच्छे दिन

11 मई को साहस और पराक्रम के कारक ग्रह मंगल अपनी स्वराशि मेष में प्रवेश करेंगे। जिससे मालव्य राजयोग के साथ विपरीत राजयोग का निर्माण होगा।

11 मई 2026 को मंगल ग्रह मेष राशि में प्रवेश कर जाएंगे, जहां ये 21 जून तक इसी राशि में रहेंगे। ज्योतिष में मंगल ग्रह को साहस, पराक्रम, ऊर्जा, शक्ति, रक्त और भूमि आदि का कारक ग्रह मान जाता है। कुंडली में मंगल की शुभ स्थिति होने पर व्यक्ति के साहस, ऊर्जा, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। 11 मई को मंगल का राशि परिवर्तन करने से रूचक राजयोग का निर्माण होगा, जो पंच महापुरुष राजयोग में एक राजयोग माना जाता है। इस रूचक राजयोग के साथ-साथ विपरीत



राजयोग का भी निर्माण होगा। आइए जानते हैं इस राजयोग के निर्माण के चलते किन-किन राशि वालों को फायदा होने वाला है।

**वृषभ राशि** – वृषभ राशि वालों के लिए रूचक राजयोग के साथ विपरीत राजयोग बनने से बहुत ही अच्छा और शुभ लाभकारी साबित होगा। आपकी राशि में यह गोचर कुंडली के 12वें भाव में होगा जिससे अच्छा लाभ होने के योग बन रहे हैं। इस दौरान विदेश यात्रा के योग और विदेशों से व्यापार और नौकरी के योग बन रहे हैं। आय के नए-नए स्त्रोत खुल सकते हैं। इस दौरान विदेशों में व्यापार से संबंधित को अच्छी डील हो सकती है और लगातार यात्रा के योग बन रह हैं।

**कन्या राशि** – कन्या राशि वालों के लिए मंगल का गोचर अच्छा और शुभ साबित होगा। विपरीत राजयोग बनने से आपको अचानक धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। इस दौरान आपके रूके हुए काम पूरे होंगे और रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी काम के चलते आपका अच्छा काम बन सकता है। बीमारियों से इस गोचर से आपको राहत मिलेगी और परिवार जनों के साथ अच्छा संबंध बनेगा।

**वृश्चिक राशि**– वृश्चिक राशि वालों के लिए मंगल का गोचर और विपरीत राजयोग काफी शुभ और लाभकारी साबित होगा। अचानक से धन प्राप्ति के योग बनेंगे। कार्यों में आ रही बाधाएं खत्म होंगी। इस दौरान आपके जोश और ऊर्जा में वृद्धि देखने को मिलेगा। इस राशि के जातकों के लंबें समय से रुके हुए काम पूरे होंगे कार्यों में लगातार बाधाएं आ सकती है। आपके आत्म विश्वास मे वृद्धि देखने को मिलेगी।

## खबर एक नजर...

### पानी निकालने की बात पर 2 परिवारों के बीच विवाद

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के जूना नागदा में घर के सामने बाथरूम की नाली का गंदा पानी निकालने पर सुल्तान पिता दरियावसिंह चौहान और टीकम पिता विरेन्द्रसिंह सोलंकी के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों का परिवार भी विवाद में शामिल हो गया। दोनों ओर से मारपीट और गाली-गलौच की गई। जिसमें दोनों परिवार के लोगों को चोंट लगी। मामला पुलिस थाने पहुंचा तो दोनों पक्षों ने आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। बाथरूम का गंदा पानी निकालने की बात पर घट्टिया तहसील के ग्राम ढाबला रहवारी में भी विवाद हुआ। मोहनलाल पिता भागीरथ मालवीय को पड़ोस में रहने वाले युवक ने घर में घुसकर हॉकी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घट्टिया थाना पुलिस ने मोहनलाल की शिकायत पर पडोसी युवक के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

### मजदूर पर ईंट गिरने पर दूसरे मजदूर को मारा चाकू

**उज्जैन।** भट्टे पर काम के दौरान एक मजदूर से दूसरे मजदूर पर ईंट गिरने से लगी चोंट को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर एक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। बैरछा का रहने वाला गोविंद पिता राकेश राजोरिया भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम गौंसा में ईट भट्टे पर काम करता है। शनिवार सुबह काम के दौरान उसके हाथ से ईंट छूट गई और दूसरे मजदूर अरूण के पैर पर गिर गई। इसी बात पर अरूण ने विवाद किया और चाकू से गोविंद के सिर पर हमला कर दिया। गोविंद के लहूलुहान होते ही अरूण काम छोड़कर भाग निकला। गोविंद को भट्टे पर काम करने वाले अन्य मजदूर चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने चाकू का घाव गहरा होने पर सिर में पांच टांके लगाये। मामले की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल गोविंद के बयान दर्ज चाकू मारने वाले अरूण की तलाश शुरू की है। जो पिपलीनाका क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

### आयशर ने मारी टक्कर, खंती में गिरी ट्रेक्टर-ट्राली

**उज्जैन।** उपज बेचकर ट्रेक्टर-ट्राली से लौट रहे किसान को पीछे से आई आयशर ने टक्कर मार दी। ट्रेक्टर-ट्राली खंती में पलट गई। हादसे में किसान की मौत हो गई। ग्राम असलाना का रहने वाला किसान रतनलाल पिता राजाराम चौधरी 55 साल ट्रेक्टर-ट्राली में उपज लेकर ड्रायवर आजाद के साथ बड़नगर गया था। जहां उपज बेचने के बाद शुक्रवार-शनिवार रात वापस अपने गांव लौट रहा था, इसी दौरान इंगोरिया थाना क्षेत्र के गंभीर नदी के पास खडोतिया में पीछे से आई आयशर ने ट्राली का जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेक्टर चालक आजाद का संतुलन बिगड़ गया और ट्रेक्टर-ट्राली सड़क से नीचे उतरकर खंती में पलट गई। हादसे में ट्रेक्टर और ट्राली के बीच में फंसने से किसान रतनलाल की मौत हो गई। चालक आजाद को मामूली चोंट लगी थी, उसी सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से किसान को निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। शनिवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक किसान का पोस्टमार्टम कराया। मर्ग डायरी जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### खेत की बाउंड्रीवाल हटाने पर 2 पक्षों में झगड़ा

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम झलारिया में हकीम पिता निजाम खा और अल्ताफ पिता इमामउद्दीन के खेत पास-पास बने है। जिसकी मेड पर पत्थरों से बाउंड्रीवॉल बनाई गई है। बीती शाम बाउंड्रीवॉल के पत्थर हटाने की बात पर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों और मारपीट की गई। एक पक्ष से हकीम खां और उसकी पत्नी रजिया घायल हो गई। दूसरी ओर अल्ताफ को चोंट लगी है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

## क्लीनिक बंद भागे डॉक्टर-कर्मचारी, चरक भवन के सामने चक्काजाम

# छात्रा की मौत के बाद परिजनों का फूटा गुस्सा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निजी क्लीनिक में उपचार के दौरान छात्रा की मौत से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। क्लीनिक के बाहर प्रदर्शन करने के बाद चरक अस्पताल के सामने शव रख चक्काजाम कर दिया। परिजन धरने पर बैठ गये थे।

महिदपुर तहसील के ग्राम लिलियाखेड़ी के रहने वाले मेहरबान सूर्यवंशी की कक्षा 7 वीं में पढ़ने वाली 11 वर्षीय पुत्री दीपिका का मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में उपचार चल रहा था। दीपिका के पेट में दर्द रहता था। डॉ. राजेश चौहान ने शनिवार को अपेंडिक्स का ऑपरेशन करने के लिये शनिवार को बुलाया था। परिजन क्लीनिक लेकर पहुंचे थे। लेकिन दोपहर में ऑपरेशन किया जाना था उससे पहले अचानक दीपिका की तबीयत काफी बिगड़ गई। क्लीनिक के कर्मचारी फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल अपना लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जनसेवा नोबल क्लीनिक के






कर्मचारी छात्रा को छोड़कर भाग निकले। खबर सुनते ही परिजनों को गुस्सा फूट पड़ा। उन्होने मंछामन कालोनी स्थित क्लीनिक पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस मंछामन कालोनी पहुंची। परिजनों का हंगामा शांत नहीं हुआ। उन्होने डॉक्टर और कर्मचारियों पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग शुरू कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम एलएन गर्ग और सीएसपी श्वेता गुप्ता मौके पर पहुंचे और सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल को बुलाया गया। क्लीनिक से डॉक्टर और स्टॉफ भाग चुका था, सीएमएचओ की टीम ने जनसेवा नोबल क्लीनिक को सील कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम कर जांच की बात कहीं।

#### चरक भवन के सामने रखा छात्रा का शव

मृतक छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया, जहां फिर से परिजन आक्रोशित हो गये और चरक भवन (अस्पताल) के सामने शव रख आगररोड जाम कर दिया। कुछ देर में ही मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। तत्काल कोतवाली थाना पुलिस और अन्य थानों के प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। लेकिन परिजन उठने को तैयार नहीं थे। उन्होने क्लीनिक के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी। देर रात तक पुलिस और प्रशानिक अधिकारियों द्वारा परिजनों को समझाने के प्रयास किये जाते रहे।

#### पिता ने लगाया स्टॉफ पर आरोप

मृतक छात्रा के पिता मेहरबानसिंह ने आरोप लगाया कि पुत्री की हालत नाजुक होने के बाद भी डॉक्टर और स्टॉफ ने उन्हे समय पर जानकारी नहीं दी। उन्होने उपचार के बारे में नहीं बताते हुए पुत्री को दूसरे अस्पताल भेजा। इस दौरान भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी कि हालत नाजुक है। सीएमएचओ डॉ. पटेल के अनुसार परिजनों के आरोप पर जानकारी जुटाई जा रही है।

## सौ किलो महुआ लहान जप्त



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अवैध और कच्ची शराब को लेकर आबकारी विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि ग्राम सुलिया बरखेड़ी में भारी मात्रा में कच्ची हाथ भट्टी मदिरा व महुआ लहान रखा गया है। सूचना पर वृत प्रभारी चांदनी सोनी को टीम के साथ कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। ग्राम सुलिया बरखेड़ी से इन्द्राबाई पति राजेश चौहान के घर से 2 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की मदिरा जप्त की गई। वहीं ग्राम में नदी किनारे शासकीय भूमि पर दबिश देकर 100 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। टीम द्वारा आबूखाना क्षेत्र से राकेश पिता निर्भयसिंह दायमा की किराना दुकान पर भी तलाशी, इस दौरान दुकान से 2.52 बल्क देशी शराब बरामद हो गई। जांच के दौरान पता चला कि अम्बाराम पिता पूराजी के घर से भी अवैध शराब बेची जा रही है। उक्त स्थान पर तलाशी के दौरान 2.16 बल्क लीटर शराब मिल गई। नियंत्रण कक्ष प्रभारी के अनुसार सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम 1995 की धारा 34 (1) अ और 34 (1) एफ का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## शनि मंदिर पहुंचा बम निरोधक दस्ता

### डॉग स्क्वाड ने खोजा विस्फोटक, निष्क्रिय करने की मॉकड्रील

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शनिवार को नवग्रह शनि मंदिर में अचानक आधुनिक उपकरणों के साथ बम निरोधक दस्ता पहुंचा, डॉग स्क्वाड ने विस्फोटक सामग्री का पता लगाया, जिसे दस्ते ने निष्क्रिय किया। यह पूरी प्रक्रिया मॉकड्रील थी।

आगामी अमावस्य स्नान और सिंहस्थ महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए नवग्रह शनि मंदिर पर बम निरोधक दस्ते ने मॉकड्रील की। दस्ते के साथ डॉग स्क्वाड मौजूद था। सबसे पहले मंदिर परिसर को चारों को से घेरा गया। उसके बाद डॉग स्क्वाड ने विस्फोटक बेग की तलाश शुरू की, जिसके मिलने पर विस्फोटक सामग्री को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की गई। आधुनिक उपकरणों से विस्फोटक बेग की जांच शुरू की गई और उसे निष्क्रिय करने के लिये सर्किट का पता लगाया। करीब डेढ़ से 2 घंटे चलती



मार्कड्रील के दौरान मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं को दूर कर दिया गया था। गौरतलब हो कि आगामी सिंहस्थ पर्व को लेकर उज्जैन पुलिस प्रशासन द्वारा अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर पुख्ता योजना बनाना शुरू कर दिया गया है। हर अप्रिय स्थिति के साथ भीड प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, आने-जाने वाले मार्गो के साथ सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा को तैयार किया जा रहा है। अभी से की जारी तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आकंलन किया जा रहा है और खामियों को दूर करने के निर्देश दिये जा रहे है, ताकि सिंहस्थ पर्व को भव्य और बिना विघ्न के पूरा कराया जा सके।

## आधी रात को बड़नगर पुलिस की पारदी डेरो पर दबिश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संपति संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार-शनिवार रात बड़नगर थाना पुलिस ने पारदी डेरो के साथ मजदूर डेरो पर दबिश मारी। इस दौरान अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को पकड़ा गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार के निर्देशन में एसआई सुरेन्द्र गरवाल, चांदनी पाटीदार, एएसआई राजेन्द्रसिंह हाड़ा सरदारसिंह भगोरा की टीम बनाई गई। जिसमें प्रधान आरक्षक और आरक्षकों की टीम बनाई गई थी। आधी रात को कस्बे के आसपास पारदी डेरो पर



दबिश दी गई और मजदूर डेरो को चैक किया गया। करीब 60 संदिग्धों से पूछताछ की गई। चैकिंग के दौरान नूरिया खाल के पास एक बदमाश हाथ में बक्का लेकर घूमता दिखाई दिया। जिसे टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा और अवैध बक्का जप्त किया। पूछताछ करने पर बदमाश का नाम महेन्द्र उर्फ बंटी पिता जगदीश जोकचंद्र 26 साल निवासी संजयनगर बड़नगर होना सामने आया। अवैध हथियार रखने पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार डेरो पर दबिश लूट, चोरी, नकबजनी जैसे संगीन अपराधों को देखते कार्रवाई की गई थी। इस दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। विदित हो कि 2 दिन पहले पंवासा, भैरवगढ़, महाकाल, चिमनगंज और घट्टिया थाना क्षेत्रों में पारदी डेरो पर दबिश दी गई थी। इस दौरान 147 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। जिसमें से 22 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com